JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग
केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक

आज का मौसम
अधिकतम : 33
न्यूनतम : 16
हवा में नमी : 122

वर्ष : 66 ● अंक: 105 ● श्रीगंगानगर, मंगलवार, 11.03.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ :8

# बार लाइसेंस लेने के लिए तथाकथित भामाशाह 'केएलजे' ने कर दिया खेला

» बार लाइसेंस लेने के लिए कर लिया दान दिए रास्ते पर कब्जा

» होटल की फाइल नगरपरिषद रिकॉर्ड से गायब, नक्शे की एवज में छोड़ा था रास्ता

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** कौडा चौक से प्राचीन शिवालय के लिए जगह दान देने वाले तथाकथित भामाशाह केएलजे होटल के संचालक कृष्णलाल जुनेजा व सन्नी जुनेजा ने बार लाइसेंस लेने के लिए खुद की दान दी जगह पर ही कब्जा कर रास्ता जगह अनुपयोगी व सुरक्षा का अभाव बताकर दीवार निकलवा दी। इस साजिश में होटल संचालक प्राचीन शिवालय के गद्दीनशीन कैलाश नाथ की सहमति होना बता रहा है, परंतु मामला आपातकाल की स्थिति से निपटने तथा लोगों की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, इसलिए होटल संचालक ने शहर के गणमान्य नागरिकों से बिना कोई राय लिए इस रास्ते को रातों-रात बंद करवा दिया। इस मामले में अब नई जानकारी सामने आ रही है, जिसके अनुसार होटल संचालक कृष्णलाल जुनेजा ने होटल में बार का लाइसेंस लेने के लिए इस रास्ते को बंद किया है। क्योंकि होटल से मंदिर के लिए छोड़े गए इस रास्ते की कीमत लाखों रूपए है तथा यह रास्ता बार लाइसेंस में अड़चन पैदा कर सकता है। धार्मिक स्थल प्राचीन शिवालय में महिलाओं-बच्चों व श्रद्धालुओं द्वारा इस रास्ते का इस्तेमाल किया जाता है तो बार लाइसेंस नहीं दिया जा सकता। पूर्व में स्वघोषित भामाशाह को जब नक्शा पास करवाना था तब सभापति को राजी करने के लिए रास्ता छोड़ दिया। अब यह रास्ता गले की फांस बन गया है। रातों-रात




इस रास्ते को बंद करने का कोई कारण नहीं है। मंदिर के लिए यह आपात स्थिति में अच्छा विकल्प साबित होता। इसलिए होटल संचालक रास्ता देकर वाहवाही लूटने के बाद अब यहां पर दीवार निकलवाकर इस गेट को बंद कर दिया। यही नहीं होटल की रसोई से निकलने वाली चिमनी को भी प्राचीन शिवालय की तरफ कर दिया, जिसका धुंधा अब शिवालय में जा रहा है। परंतु इस पर गद्दीनशीन कैलाश नाथ ने कोई नाराजगी नहीं जताई। होटल में मांस-मदिरा का भी उपयोग होता है। होटल की रसोई में मांस पकाया जाता है तथा इसका धुंधा प्राचीन शिवालय की तरफ छोड़ा जा रहा है, जो कि लोगों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ है। ज्ञात रहे कि करीब दो साल पूर्व केएलजे होटल संचालक कृष्णलाल जुनेजा ने कोडा चौक के पास स्थित सुविधा की जमीन पर नक्शा पास करवा कर होटल का निर्माण किया था। इस होटल के नक्शे संबंधी फाइल नगरपरिषद के रिकॉर्ड से गायब है। नक्शे की एवज में ही यह रास्ता छोड़ा गया था। इसकी जानकारी शहर के गणमान्य लोगों को लगी तो काफी हंगामे के बाद होटल संचालक ने तत्कालीन कांग्रेस नेता व वर्तमान भाजपा नेता अशोक चांडक को साथ लेकर इस सात फीट रास्ते को मंदिर के लिए दान देने की बात कही थी। इस पर अशोक चांडक ने होटल संचालक को भामाशाह बताया था। अब होटल संचालक ने बार लाइसेंस लेने के लिए अपने ही दान दिए रास्ते पर कब्जा कर वहां पर दीवार निकलवा दी तथा कहा कि यह रास्ता उपयोगी नहीं है तथा सुरक्षा के अभाव में गद्दीनशीन कैलाश नाथ की सहमति से इसे बंद किया है।

## अप्रिय घटना का कौन होगा जिम्मेदार

कौडा चौक के नजदीक स्थित प्राचीन शिवालय में शिव रात्रि व अन्य आयोजनों पर भक्तों की बड़ी भीड़ लगती है। इस क्षेत्र में यातायात का भी काफी भार है तथा लोग विशेष अवसर पर लम्बी लाइनें लगाकर दर्शन करने के लिए आते हैं। भीड़ व किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए प्राचीन शिवालय के पीछे एक रास्ता छोड़ा गया था, जिसका उपयोग किसी आपातकालीन स्थिति में किया जा सके। परंतु केएलजे होटल के संचालक ने मिलीभगत कर इस रास्ते पर कब्जा कर होटल का निर्माण कर लिया तथा अब इस रास्ते को अनुपयोगी बताकर इसे बंद करवा दिया। भविष्य में अगर कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसकी जिम्मेदारी होटल संचालक लेगा या गद्दीनशीन कैलाश नाथ, जिन्होंने इस रास्ते को अनुपयोगी बताकर इसे बंद करने के लिए शहर के गणमान्य लोगों से बिना कोई राय लिए इस बंद करवाने के लिए सहमति दी है। प्राचीन शिवालय की प्रबंधक कमेटी से भी राय नहीं ली गई।

## पीएम मोदी का मॉरीशस में बिहारी गीत से स्वागत

● कल राष्ट्रीय समारोह में चीफ गेस्ट बनेंगे



**जनमार्ग न्यूज**

**पोर्ट लुइस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के राजकीय दौरे पर मॉरीशस पहुंच गए हैं। वे यहां 12 मार्च को मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। एयरपोर्ट पर मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर स्वागत के लिए मॉरीशस के पीएम का आभार जताया। इसके बाद मोदी पोर्ट लुईस में अपने होटल पहुंचे। यहां भारतीय प्रवासियों ने भारत माता की जय के नारे के साथ उनका स्वागत किया और तिरंगे लहराए। इसके बाद पीएम के स्वागत में मॉरीशस की महिलाओं ने पारंपरिक बिहारी 'गीत गवई' गाया। इस दौरान पीएम मोदी पारंपरिक भोजपुरी संगीत का आनंद लेते और ताली बजाते नजर आए। इस विजिट में पीएम मोदी दोनों देशों के आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। 2015 के बाद भारतीय पीएम की यह दूसरी मॉरीशस यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय आर्मी की एक टुकड़ी, नौसेना का एक वॉरशिप और एयरफोर्स की आकाश गंगा स्काई डाइविंग टीम भी मॉरीशस के राष्ट्रीय समारोह में भाग लेगी। हमारे देश के लिए ऐसे सम्मानित व्यक्तित्व की मेजबानी करना सौभाग्य की बात है, जो अपने बिजी कार्यक्रम के बावजूद हमारे यहां मुख्य अतिथि के तौर पर आने के लिए राजी हुए हैं।

## नाबालिग रेप पीड़िता को मिली गर्भपात की अनुमति

● अगर डिलीवरी के लिए मजबूर करते हैं, जीवनभर पीड़ा का सामना करना पड़ेगा: हाईकोर्ट

**जनमार्ग न्यूज**



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बैंच ने 13 साल की रेप पीड़िता को गर्भपात कराने की अनुमति दी है। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर पीड़िता को बच्चे की डिलीवरी के लिए मजबूर किया जाता है तो उसे जीवनभर पीड़ा का सामना करना पड़ेगा। इसमें बच्चे के भरण-पोषण से लेकर अन्य मुद्दे भी शामिल हैं। बच्चे को जन्म देने से पीड़िता के मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर क्षति पहुंचने का अनुमान है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अदालत ने महिला चिकित्सालय सांगानेर की अधीक्षक को निर्देश दिया कि वे मेडिकल बोर्ड से पीड़िता का गर्भपात कराने की व्यवस्था करें। वहीं, अगर भ्रूण जीवत पाया जाता है तो उसे जीवत रखने के समस्त इंतजामात किए जाए। इससे भविष्य में राज्य सरकार के खर्च पर उसका पालन-पोषण हो सके। यदि भ्रूण जीवित नहीं पाया जाता है, तो भ्रूण से टिशू लेकर डीएनए रिपोर्ट के लिए उसे संरक्षित रखा जाए। पीड़िता की अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में 13 साल की पीड़िता 27 माह 6 दिन की गर्भवती है। क्योंकि वह नाबालिग है, ऐसे में उसके माता-पिता की गर्भपात कराने के लिए सहमति थी।

## अजमेर में ईडी की दस्तक, व्यापारियों में हड़कंप

**जनमार्ग न्यूज**

**अजमेर।** अजमेर के केकड़ी शहर में 5 दिन में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दस्तक दी। ईडी की टीम मंगलवार तड़के एक दर्जन गाड़ियों में हथियारबंद जवानों के साथ केकड़ी पहुंची और दो व्यापारियों के ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ईडी की टीमें यहां दस्तावेजों की जांच में जुटी हुई है। मुंबई, सूरत सहित कई अन्य राज्यों में हवाला व फर्जी बिलिंग का काम करने वाले केकड़ी के दो व्यापारियों के ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी। शहर के अस्पताल रोड व घंटाघर के समीप दो व्यापारियों के मकानों पर टीम सर्च में जुटी हुई है। एक ही सप्ताह के भीतर दूसरी बार ईडी के पहुंचने से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि 5 दिन पहले भी ईडी ने शहर में एक बड़ी कार्रवाई की थी।

## पुलिसकर्मियों को नहीं मिलेगा साप्ताहिक अवकाश

● साप्ताहिक अवकाश का नहीं है कोई प्रावधान: गृह विभाग

**जनमार्ग न्यूज**



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में आज पुलिसकर्मियों के साप्ताहिक अवकाश का मुद्दा फिर उठा। भाजपा विधायक भैराराम चौधरी के सवाल के जवाब में गृह विभाग ने साफ किया है कि फिलहाल पुलिस कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने का कोई प्रावधान नहीं है। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम के जवाब पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह ऑन रिकॉर्ड है कि डीजीपी ने पूरे प्रदेश में साप्ताहिक अवकाश के निर्देश जारी किए थे। यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा था। जो चीज रिकॉर्ड में है उसका तो आप गलत जवाब मत दीजिए। विधानसभा में आज कांग्रेस कई मुद्दों पर सरकार को घेर सकती है। आज प्रश्नकाल और शून्यकाल के बाद सहकारिता और खाद्य विभाग की अनुदान मांगों पर दिनभर बहस होगी। कांग्रेस बहस के दौरान किसानों से बाजरे की सरकारी खरीद नहीं करने के मुद्दे पर सरकार को घेरेगी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस जवाब पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस राज के दौरान गेगल थाने से साप्ताहिक अवकाश दिए जाने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था, बाद में तत्कालीन भाजपा उमेश मिश्रा ने पूरे प्रदेश में इसे लागू करने को लेकर निर्देश दिए थे यह ऑन रिकॉर्ड है। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा की प्रदेश में अन्य सेवाओं के कर्मचारियों को हर साल 15 दिन का आकस्मिक अवकाश (कैजुअल लीव) मिलता है। जबकि पुलिसकर्मियों को हम 25 दिन का सालाना कैजुअल लीव देते हैं। साप्ताहिक अवकाश केवल थाना विशेष के लिए था। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह ऑन रिकॉर्ड है कि डीजीपी ने पूरे प्रदेश में साप्ताहिक अवकाश के निर्देश जारी किए थे, यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा था।

## कोर्ट के समय में 15 अप्रैल से परिवर्तन

**जनमार्ग न्यूज**

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट व प्रदेश की सभी लोअर कोर्ट का समय ग्रीष्मकाल 15 अप्रैल से 27 जून तक की अवधि के लिए बदल जाएगा। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर के रजिस्ट्रार (प्रशासन) शैलेंद्र व्यास ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी की है। ग्रीष्मकाल अवधि के दौरान हाईकोर्ट का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इस बीच लंच टाइम 10.30 से 11 बजे तक रहेगा। वहीं कार्यालय समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा और इनके लिए लंच टाइम 10.30 से 10.45 बजे तक रहेगा। इसी तरह अधीनस्थ न्यायालय का समय भी सुबह 8 से दोपहर 12.30 बजे तक रहेगा। अधीनस्थ न्यायालय के ऑफिस का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। कोर्ट और इनके ऑफिस में लंच टाइम सुबह 10 से 10.15 बजे तक रहेगा। इन कोर्ट के पीठासीन अधिकारी सुबह 7.30 से 8 बजे और दोपहर 12.30 बजे से 1 बजे तक अपने चैंबर्स में कार्य करेंगे।

## पोल से टकराई तेज रफ्तार बेकाबू कार, कई घायल

● ड्राइवर सहित 4 लोग अस्पताल में भर्ती ● ऑफिसर्स मेस के पास हुआ हादसा

**जनमार्ग न्यूज**

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ जंक्शन में ऑफिसर्स मेस के पास मंगलवार दोपहर 12 बजे एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पोल से टकरा गई। हादसे में कार में सवार चार युवक घायल हो गए। जंक्शन पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना ऑफिसर्स मेस के सामने हुई, जहां कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय सड़क पर कोई और व्यक्ति या वाहन नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जंक्शन पुलिस के अनुसार तेज रफ्तार कार कलेक्ट्रेट से सर्किट हाउस की ओर जा रही थी तभी ड्राइवर अचानक नियंत्रण खो बैठा और कार जोरदार आवाज के साथ पोल से टकरा गई। इस हादसे में कार चालक गुरदीप सिंह (21), निवासी डबवाली,



को गंभीर चोटें आई हैं। इसके अलावा हादसे में कार सवार अन्य सुधीर (23) निवासी खाराखेड़ा, सुनील (22) निवासी खाराखेड़ा और सुरेंद्र कुमार (25) निवासी चौटाला भी घायल हुए हैं। जंक्शन थाना से एएसआई जयसिंह मय टीम मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। एएसआई जयसिंह ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि कार घूमकर वापिस कलेक्ट्रेट की तरफ घूम गई, जिससे घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय गनीमत रही कि सड़क पर कोई अन्य वाहन नहीं था, अन्यथा यह एक बड़ा हादसा बन सकता था। जंक्शन पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

## अवैध खनन रोकने के लिए जीपीएस का उपयोग

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** धौलपुर के सरमथुरा में खनन माफिया पर शिकंजा कसने के लिए सरकार जीपीएस का सहारा लेगी। जीपीएस एवं टैग लगे वाहन ही बजरी व अन्य खनिज का परिवहन कर सकेंगे। साथ ही बिना व्हीकल लोकेशन डिवाइस व रेडियो फ्रिक्वेंशी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआइडी) सिस्टम के वाहनों का ई-रवन्ना नहीं कटेगा। खान विभाग के अतिरिक्त निदेशक पुष्कर राज आमेटा ने समस्त अभियंताओं को परिवहन में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।

## सरकारी इंजीनियर 50 से ज्यादा प्लॉट का मालिक

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** जयपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) अधीक्षण अभियंता के ठिकानों पर छापेमारी की है। एसीबी की इंजीनियर अविनाश शर्मा पर लंबे समय से नजर थी। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह शुरू हुए सर्च में टीम को आरोपी इंजीनियर के पास 50 से ज्यादा प्लॉट की जानकारी मिली है। जयपुर के पॉश इलाकों की 25 से ज्यादा कॉलोनियों में ये प्रॉपर्टी हैं। इसके अलावा इंजीनियर के 6.25 करोड़ से ज्यादा के दूसरी प्रॉपर्टी, इंवेस्टमेंट भी है। एक टीम अविनाश शर्मा के जेडीए कार्यालय में भी सर्च करने पहुंची है। अविनाश शर्मा ने जयपुर में गोपालपुरा मोड़, मानसरोवर, सांगानेर, पृथ्वीराज नगर, जगगतपुरा, प्रतापनगर, एवं रिंग रोड के आसपास 50 से ज्यादा जमीन ली हुई हैं।

## लॉ-यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की बस पलटी, 3 की मौत

**जनमार्ग न्यूज**



**नागौर।** नागौर में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर के स्टूडेंट्स से भरी वॉल्वो बस पलट गई। एक्सीडेंट में 3 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 24 से ज्यादा स्टूडेंट्स हादसे में घायल हैं। इनमें से तीन की हालत गंभीर है। हादसा मंगलवार सुबह 5.30 बजे लालदास जी महाराज धाम के पास हुआ है। जिले में दूसरा एक्सीडेंट सोमवार देर रात करीब 1.30 हुआ। बीकानेर रोड पर बाराणी के पास हुए हादसे में एक तेज रफ्तार कार पलट गई। इसमें 4 युवकों की मौत हो गई। सुरपालिया थानाधिकारी सियाराम ने बताया कि 11 मार्च की सुबह बुरड़ी फांटे के पास एक वॉल्वो बस ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एक्सीडेंट के बाद बस पलट गई। बस चंडीगढ़ से जोधपुर की तरफ जा रही थी। मृतकों की पहचान जोधपुर निवासी हर्षित, आरुषि व आरव के रूप में हुई है। ये सभी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट हैं। एक्सीडेंट में घायल 24 से अधिक स्टूडेंट्स एडमिट हैं। एक घायल छात्र ने बताया कि जिस समय हादसा हुआ उस वक्त सभी स्टूडेंट्स सो रहे थे। वहीं, बाराणी के पास हुए एक कार एक्सीडेंट में 4 युवकों की मौत हो गई। कार पलटने से बाराणी निवासी सुशील जाट (30), मेहराम जाट (25) व महेन्द्र जाट (32) और रेवंतराम जाट (32) ने दम तोड़ दिया।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083, 76657-85893 पर देवें। E-mail: dainikjanmarg@gmail.com

## सम्पादकीय

### फिर लहराया परचम

इस अहम खिताब को भारत के नाम करने के लिए श्रेयस अय्यर ने तो ऐसे समय बल्लेबाजी की, जब मैदान से रोहित के बाहर हो जाने से झटका लग चुका था। विजयरथ पर सवार भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। न्यूजीलैंड को हरा कर उसने जो खिताब हासिल किया, वह एक बार फिर बेहद खास उपलब्धि है। इस मायने में भी कि भारतीय टीम ने बारह साल बाद 'चैंपियंस ट्राफी' जीती। इस तरह उसने अपनी दृढ़ता और समर्पण का ही परिचय दिया। भारतीय टीम ने लगातार अपने अभ्यास और लक्ष्य को साध कर जीत की पटकथा लिखी। आइसीसी चैंपियंस खिताब हासिल करने के लिए हमारे जांबाज खिलाड़ियों ने जिस जोश और लगन के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, उस पर हर देशवासी को गर्व है। गौरतलब है कि इससे पहले भारत इंग्लैंड को हरा कर चैंपियन बना था, उसके बाद वर्ष 2002 में श्रीलंका के साथ संयुक्त रूप से खिताब जीता था। इस बार हमारी टीम ने पूरी दुनिया को बता दिया कि वह विश्व चैंपियन है। उसकी रगों में जीत का रंग बहता है। मैदान में पूरे जोश से खेलते हुए उसने अपने करोड़ों प्रशंसकों की आंखों में सपनों के कई रंग भर दिए। खिताब हासिल करने के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों के साथ रोहित शर्मा की बल्लेबाजी बेहद महत्त्वपूर्ण रही। बतौर कप्तान उन्होंने गेंदबाजों को आक्रामक बनाए रखते हुए न्यूजीलैंड को घुटने टेकने के लिए बाध्य कर दिया। खास बात यह कि उनके नेतृत्व में टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही। इस अहम खिताब को भारत के नाम करने के लिए श्रेयस अय्यर ने तो ऐसे समय बल्लेबाजी की, जब मैदान से रोहित के बाहर हो जाने से झटका लग चुका था। उनकी वजह से स्थिति संभली और फिर श्रेयस ने अक्षर पटेल के साथ शानदार पारी खेलते हुए भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। दोनों ने इकसठ रन की साझेदारी करते हुए जीत की सुनहरी पटकथा तैयार कर दी। मध्यम क्रम में केएल राहुल ने अपने चौंतीस रनों से भारत के विजय का परचम लहराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस तरह जीत के जज्बे से भरी भारतीय टीम ने अपने प्रशंसकों के लिए होली से पहले ही जश्न मनाने का अवसर दे दिया। फिलहाल भारतीय टीम के बीच जिस स्तर का तालमेल दिख रहा है, वह भविष्य में कामयाबी का एक बड़ा फलक तैयार करने की उम्मीद जगाता है।

# प्रदूषित नदियों पर सियासत नहीं समाधान की जरूरत

भारत जैसे धार्मिक मान्यता वाले देश में नदियां सदैव ही आस्था का केंद्र रही हैं लेकिन अब यह सियासी रार और विवाद का जरिया भी बन रहा है। बीते दिनों प्रयागराज में देश की सर्वाधिक धार्मिक महत्व वाली गंगा के तट पर संपन्न महाकुंभ के दौरान इस नदी में डुबकी लगाने की परंपरा और इसके पानी की शुद्धता पर काफी राजनीतिक आरोप - प्रत्यारोप हुआ। महाकुंभ के दौरान ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 'सीपीसीबी' के एक रिपोर्ट ने इस विवाद में घी डालने का काम किया जिसमें बताया गया कि प्रयागराज में गंगा और यमुना के पानी में अपशिष्ट जल प्रदूषण 'फेकल कोलिफॉर्म' का स्तर स्नान के लिए उपयुक्त नहीं है।

बोर्ड के इस रिपोर्ट पर खूब सियासी तलवार भांजे गए लेकिन उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सीपीसीबी के रिपोर्ट को एक सिरे से खारिज कर दिया। दूसरी ओर देश के अनेक विश्वविद्यालयों के साइंटिस्ट और पर्यावरणविद् भी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इस रिपोर्ट पर बंटे नजर आए। अलबत्ता राजनीति से इतर इस बात में कोई संदेह नहीं है बल्कि देश में गंगा-यमुना सहित अधिकांश नदियों का पानी मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषण की वजह से देश की 328 नदियों का पानी सेहत के लिहाज से हानिकारक है। इन नदियों के पानी में मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक अमोनिया, हाइड्रोजन सल्फाइड, नाइट्रेट, क्रोमियम, लेड जैसे घातक रसायन और कोयला, चूना ,तांबा और लोहा जैसे हैवी मेटल्स पाए गए हैं। देश की प्रदूषित नदियों की सूची में छत्तीसगढ़ के महानदी, शिवनाथ, हसदेव, खारुन और इंद्रावती आदि नदियां शामिल हैं।

गौरतलब है कि भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाकुंभ की परंपरा हजारों वर्षों से रही है लेकिन इस महाकुंभ में जिस तरह से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चला उसने इस महापर्व की आस्था और मर्यादा को भी चोट पहुंचाया है। देश में जारी कमंडल और मंडल-2 की राजनीति के मद्देनजर यह महाकुंभ धार्मिक ध्रुवीकरण और तुष्टिकरण के सियासत में उलझते नजर आई। आलम यह था कि जहां एक ओर एक राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अपने आपको इस महापर्व से दूर रखा तथा इसके किसी भी चूक पर सियासी वार का मौका नहीं छोड़ा वहीं दूसरी ओर दक्षिणपंथी पार्टी और संगठन महाकुंभ के राजनीतिक लाभ लेने से नहीं चुके। इंटरनेट क्रांति के वर्तमान दौर ने महाकुंभ और गंगा के प्रदूषण पर मचे रार को खूब हवा दिया। सोशल मीडिया पर इस महापर्व के बारे में तमाम सच्ची- झूठी खबरें, फोटो और वीडियो वायरल किए गए जिस पर सरकार ने भी सख्ती दिखाया लेकिन नतीजा सिफर रहा।



हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना का प्रदूषण एक बार फिर से चुनाव का मुद्दा बना। भाजपा और कांग्रेस जहां यमुना के दूषित पानी और प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी 'आप' के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर लगातार हमलावर रही वहीं दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल ने भी हरियाणा के भाजपा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप जड़ दिया। गौरतलब है कि हर साल उत्तर भारतीयों के प्रमुख पर्व 'छठ पूजा' के दौरान दिल्ली की जीवनरेखा यमुना की सफेद झागदार तस्वीरें देश ही नहीं बल्कि दुनिया के मीडिया में सुर्खियां बटोरती है। विडंबना है कि हमारे सियासी दल हर चुनाव में यमुना की इस बेबसी पर घड़ियाली आंसू बहाकर वोट बटोरने का साधन बनाती है लेकिन आज तक कोई भी सरकार यमुना का भाग्य नहीं बदल पाई।

मोक्षदायिनी गंगा जिस पर देश की 40 फीसदी आबादी निर्भर है के पानी को जहां माइक्रोप्लास्टिक दूषित कर रही है तो यमुना में रासायनिक प्रदूषण के कारण केवल झाग ही दिखाई देते हैं। माइक्रोप्लास्टिक में सिंगल यूज प्लास्टिक के जहरीले केमिकल शामिल होते हैं जो सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होते हैं। देश में सदियों से गंगा और यमुना ही नहीं बल्कि सभी नदियों के प्रति आस्था और सम्मान का भाव रहा है। इन्हें नदियों के तट पर कुंभ, महाकुंभ , धार्मिक और सांस्कृतिक मेले-मड़ाईयों का आयोजन होते रहा है तो मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत सभी कर्मकांड नदियों के गोद में ही होता है। यह कहना बेमानी नहीं होगी कि मानव सभ्यता का विकास इन्हीं नदियों के तट पर हुआ है लेकिन इन नदियों के प्रति सर्वाधिक असभ्यता और अनुदारता आज का सभ्य समाज प्रदर्शित कर रहा है।

विचारणीय है कि पहाड़ों और जंगलों के गोद से निकलने वाली गंगा और यमुना शुभ्र और धवल होती है लेकिन यही नदियाँ मैदानी इलाकों में आती है तो आधुनिक सभ्यता और मशीनी विकास का कचरा समेट कर कालिमा में बदल जाती है। आलम यह कि प्रयागराज आते-आते मोक्षदायिनी गंगा का जल आचमन के लायक भी नहीं रह जाता है। इधर सरकारों के तमाम कोशिशों और योजनाओं के बावजूद गंगा दिनोंदिन मैली होती जा रही है। दरअसल इसके पृष्ठभूमि में प्रमुख कारण सरकारों और प्रशासनिक अमले में दृढ़ इच्छाशक्ति का आभाव, सफाई योजनाओं में भ्रष्टाचार व गुणवत्ता में कमी और सामुदायिक सहभागिता तथा जागरूकता में कमी है। बहरहाल गंगा-यमुना सहित अन्य नदियों में बढ़ते प्रदूषण के लिए इन नदियों के किनारे बढ़ती आबादी, शहरीकरण, उद्योग, कृषि में प्रयुक्त होने वाले कीटनाशक और उर्वरक, अपशिष्ट जल का प्रवाह और धार्मिक व सामाजिक आचरण जिम्मेदार हैं।

बहरहाल ऐसा नहीं है कि देश की सरकारों ने मैली होती नदियों की सफाई की सुध नहीं ली लेकिन नतीजा आशाजनक नहीं है। साल 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने गंगा की सफाई के लिए पहला गंगा एक्शन प्लान लागू किया, साल 2009 में यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन अथॉरिटी बनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में 'नमामि गंगे' जैसी महत्वाकांक्षी योजना का आगाज किया था। अलबत्ता योजना के अंतर्गत अभी तक जितना काम हुआ है वह उत्साहवर्धक नहीं है और न ही सरकार के दावों के अनुरूप है।

अलबत्ता क्या हम ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं जहां नदियां न हों गंगा और यमुना न हों, जहां क्षिप्रा और नर्मदा न हो, जहां गोदावरी और ब्रम्हपुत्र न हो, जहां महानदी और शिवनाथ न हो। बिलाशक यह कल्पना बेमानी है लिहाजा नदियों पर सियासत नहीं बल्कि इन्हें साफ रखने की दिशा में सोचना होगा। आखिरकार नदियों के कल-कल में ही जीवन का कल यानि भविष्य है। बहरहाल मरती नदियां कैसे जी उठती है? इसका उदाहरण लंदन की टेम्स नदी है जिसे 'डेड रिवर' घोषित कर दिया गया था जिसमें जलीय जीव-जंतु भी जीवित नहीं रह सकते थे लेकिन ब्रिटेन सरकार और समाज की दृढ़ इच्छाशक्ति ने इस नदी को दुनिया का सबसे सुंदर और साफ नदी का तमगा दिला दिया।

यह उदाहरण भारत के लिए भी प्रेरणा बन सकता है बशर्ते देश के राजनीतिक दल नदियों पर सियासत का कीचड़ फेंकने की जगह समाधान की दिशा में विचार करें। सरकारों का भी दायित्व है कि वह नदियों के सफाई के लिए लागू एक्शन प्लान के भ्रष्टाचार मुक्त और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करे वहीं नागरिक समाज का भी दायित्व है कि वह नदियों के प्रति उदार और स्व- अनुशासित हों तभी देश की नदियां अविरल और निर्मल होंगी।

# प्रस्तावित लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर टकराव

भारत में इस समय 2026 में प्रस्तावित लोक सभा क्षेत्रों के परिसीमन पर काफी टकराव चल रहा है। परिसीमन एक संवैधानिक अनिवार्यता है, परन्तु दक्षिण भारत में इसका भारी विरोध हो रहा है। भारत का संविधान कहता है कि प्रत्येक व्यक्ति के वोट का मूल्य एक बराबर होना चाहिए। इसीलिए लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं में जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या का निर्धारण किया जाता है। परिसीमन के द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण भी किया जाता है। भारत में वर्ष 1951, 1962 एवं 1972 में परिसीमन किया गया था। इसके अनुसार एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 10 लाख की जनसंख्या है। आपातकाल के दौरान संविधान (42 वां संशोधन) अधिनियम, 1976 पारित हुआ जिसके द्वारा वर्ष 2000 के बाद की जनगणना तक के लिए लोक सभा में सीटों की संख्या को फ्रीज़ कर दिया गया। सन् 2002 में वाजपेयी की सरकार ने लोक सभा सीटों की संख्या पर फ्रीज़ को 2026 तक के लिए बढ़ा दिया था। प्रस्तावित परिसीमन को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि इससे दक्षिण भारत के राज्यों में लोक सभा की सीटें कम हो जाएंगी। दक्षिण का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा और राष्ट्रीय निर्णयों में उनकी भूमिका कम होती जाएगी। दक्षिण में उत्तर की तुलना में विकास अधिक हुआ है। दक्षिण की प्रति व्यक्ति आय अधिक है, स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में दक्षिण अधिक विकसित है। इसी कारण दक्षिण में जनसंख्या नियंत्रण बेहतर हुआ है और वहां की जनसंख्या अनुपातिक रूप से उत्तर की अपेक्षा बहुत कम हो गई है। केन्द्रीय करों की वसूली में दक्षिण का अनुपात उत्तर की तुलना में कहीं अधिक है। दक्षिण को लगता है कि यह उनके साथ अन्याय है। उनका कहना है कि दक्षिण के राज्य कब तक उत्तर की अक्षमता का बोझ उठाते रहेंगे। लोक सभा में दक्षिण का प्रतिनिधित्व वर्तमान में 24% है, वह इस परिसीमन के बाद घटकर 19% हो जाएगा। हाल ही में नागपटनम में तामिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसी बात को रेखांकित करने के लिए लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान तक कर डाला। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि परिसीमन से दक्षिण भारत के किसी भी राज्य की एक भी सीट कम नहीं होगी। परन्तु उनकी बात का कोई खास असर दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं हो रहा है। उन्हें लगता है कि भी जनसंख्या के आधार पर किए गए परिसीमन में दक्षिण के राज्यों की सीटों में आनुपातिक कमी आएगी।

2026 के जनसंख्या प्रोजेक्शन के आंकड़ों के आधार पर अनुमान है कि इस परिसीमन से उत्तर प्रदेश की सीटों की संख्या वर्तमान 80 से बढ़कर 143 हो जाएंगी और बिहार की सीटों की संख्या वर्तमान 40 से बढ़कर 79 होगी। वहीं तमिल नाडु की वर्तमान 39 सीटों में केवल 10 सीटों की ही वृद्धि होगी। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने 5 मार्च को परिसीमन के मुद्दे पर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें 60 से अधिक दलों ने भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बैठक का बहिष्कार किया। इस बैठक में दक्षिण के राज्यों को 2026 की जनसंख्या के आधार पर प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने के लिए संगठित होने का आह्वान किया गया और 1971 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने की मांग की गई। भारत में 2011 की जनगणना के बाद कोई जनगणना नहीं हुई है। 2021 की जनगणना कोविड महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस कारण हमारे पास जनसंख्या के आधिकारिक आंकड़े ही नही हैं। अभी तक सरकार ने इस बात की घोषणा नहीं की है कि अगली जनगणना कब होगी। कई पार्टियां जातिगत जनगणना की मांग भी कर रही हैं। नए परिसीमन का संबंध लोक सभा में महिला आरक्षण के लागू होने से भी है। नए संसद भवन में 888 सीटें बनाई गई हैं। यह भी इस बात का संकेत है कि नए परिसीमन में लोक सभा की सीटें बढ़ने की संभावना है। लंबे समय के सुधारों के रूप में भारत को शायद वित्तीय शक्तियों के विकेंद्रीकरण के बारे में भी सोचना होगा। केन्द्र द्वारा एकत्रित किए जाने वाले करों में राज्यों का हिस्सा बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए। ऐसा करने से लोक सभा में कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों को भी अपने विकास का पूरा मौका मिलेगा और वे शायद परिसीमन की कुछ कम चिंता करेंगे। संवैधानिक विशेषज्ञ और सभी राजनीतिक दल यदि मिलकर इस समस्या का हल खोजेंगे, तो कोई न कोई हल जरूर मिलेगा। टकराव और अलगाव की राजनीति से देश का भला नहीं हो सकता।

## करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है। राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सर्वोत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

## जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

# भावनाओं में लिए फैसले हो सकते हैं गलत

**हमारे** आस-पास कई तरह के लोग होते हैं। कुछ लोग बात-बात पर गुस्सा करते हैं और छोटी-छोटी बातों पर नाराज हो जाते हैं। वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो पल भर में ही भावुक हो जाते हैं, जैसे किसी ने उनका दिल दुखा दिया हो। ये सब हमारी भावनाएं होती हैं। जब ये इमोशंस हम पर हावी होते हैं तो हमारा दिमाग शांत नहीं रह पाता है। गुस्सा, चिंता और उदासी जैसी भावनाएं हमें अंदर ही अंदर नुकसान पहुंचाती हैं। जब ये इमोशंस हावी होते हैं तो हम सही और गलत में फर्क करना भूल जाते हैं। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के मुताबिक, इन इमोशंस असर सेहत के साथ हमारे फैसलों पर भी पड़ता है। कभी-कभी हमारी भावनाएं सही फैसले लेने में मदद करती हैं, लेकिन कई बार गलत फैसलों का कारण भी बनती हैं। भावनाएं हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा होती हैं, लेकिन हमें इन्हें कंट्रोल करना सीखना होगा, जिससे हम सही फैसले ले सकें और एक खुशहाल जिंदगी जी सकें। जब भी हम कोई काम बिना सोचे-समझे करते हैं, तो भावनाओं पर काबू रखना मुश्किल हो जाता है। हम बहुत अधिक खुश होते हैं तो भी इससे हमारे फैसले पर असर पड़ सकता है। इसी तरह गुस्सा, उदासी, क्रोध और निराशा जैसे नेगेटिव इमोशंस भी हमारे फैसले में बाधा डाल सकते हैं। हमारे इमोशंस कंट्रोल न कर पाने की कई सारी वजहें हो सकती हैं। कई बार हमें अपनी भावनाओं के बारे में पता ही नहीं होता है, वहीं कई बार हमें इमोशंस को जबरदस्ती दबाने की आदत लग जाती है। ऐसे में ये अचानक से फट सकते हैं। जल्दबाजी करना, छोटी-छोटी बात का बुरा मान लेना इमोशंस को कंट्रोल करने की क्षमता को प्रभावित करता है। ऐसे में सबसे जरूरी बात यह है कि हमें अपनी भावनाओं को स्वीकार करना चाहिए। किसी भी फैसले को सोच-विचार कर लेना चाहिए। हमें अपनी भावनाओं को कभी दबाना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें समझने की कोशिश करनी चाहिए। अपनी भावनाओं को कंट्रोल करके हम जिंदगी में बेहतर काम कर सकते हैं। इससे हम मुश्किल समय में भी शांत रह सकते हैं और अच्छे फैसले ले सकते हैं, जिससे हमारी जिंदगी खुशहाल और कामयाब बनती है। हमारी भावनाएं अचानक और अनैच्छिक होती हैं। इन पर हमारा वश नहीं होता है। ऐसे में हम उन्हें आने से नहीं रोक सकते हैं। हालांकि, हम उन्हें दूसरी दिशा में या किसी और भावना की ओर मोड़ सकते हैं। इसके जरिए हम उनकी तीव्रता और प्रभाव को कम कर सकते हैं। अगर हम अपनी भावनाओं को कंट्रोल करना सीख लेंगे, तो कई सारी परेशानियों को हल कर सकते हैं। इसके साथ ही हम अपनी भावनाओं को कंट्रोल करने के लिए म्यूजिक का सहारा ले सकते हैं। आपने ध्यान दिया होगा कि जब हम बहुत परेशान होते हैं, तो म्यूजिक सुनते ही तनाव, गुस्से और बेचैनी से राहत मिलती है। ऐसे में संगीत सुनना भी इमोशंस को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। जर्नल ऑफ ह्यूमन बिहेवियर इन द सोशल एनवायर्नमेंट में पब्लिश्ड एक स्टडी के मुताबिक, जब आप अपने दिमाग, शरीर और आत्मा का ध्यान रखते हैं, तो आप खुद को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं और अपनी भावनाओं को नियंत्रित कर पाते हैं। आइए इन एक्टिविटीज को ग्राफिक के जरिए समझते हैं। अपनी भावनाओं के ट्रिगर्स को पहचानें अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने का पहला तरीका यह समझना है कि आपको क्या ट्रिगर करता है। क्या कुछ खास लोग, परिस्थितियां या ऐसे विचार हैं, जो आपको परेशान करते हैं? अपनी भावनाओं पर ध्यान दें और इसे एक डायरी में लिखें। साथ ही आप यह नोट करें कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं और उस समय क्या हो रहा था। इससे आपको इमोशंस के पैटर्न को पहचानने और अपने ट्रिगर्स को समझने में मदद मिलेगी। गहरी सांस लेने का अभ्यास करें- जब आप गहरे इमोशंस का अनुभव कर रहे हों, तो गहरी और लंबी सांस लेने का अभ्यास करें। इससे आपको स्ट्रेस कम करने और इमोशंस की कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। सकारात्मक सोच विकसित करें नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों में बदलने का प्रयास करें। अपनी ताकत और सकारात्मक अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करें। जब आप नकारात्मक विचार महसूस कर रहे हों, तो कुछ ऐसा सोचें जो आपको खुश करे। जैसे आप किसी काम को लेकर परेशान हैं तो अपने किसी बेस्ट परफॉर्मेंस के बारे में सोचें। इससे दृष्टिकोण को बदलने और भावनाओं को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। गुस्से को कंट्रोल करें जब कभी आपको गुस्सा आए, तो तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। कुछ देर के लिए चुप रहें। ऐसे समय में आप किसी दूसरी जगह जा सकते हैं। जैसे आप टहलने जा सकते हैं, संगीत सुन सकते हैं या कुछ ऐसा कर सकते हैं, जिससे आपको आराम मिले। जब आप शांत हो जाएं, तो अपनी भावनाओं के बारे में बात करें। स्ट्रेस को मैनेज करें तनाव की स्थिति में, कुछ समय के लिए शांत जगह पर बैठें। आप योग और ध्यान का भी अभ्यास कर सकते हैं। इससे आपको तनाव कम करने और अपनी भावनाओं को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। पसंदीदा म्यूजिक सुनें संगीत में भावनाओं को शांत करने और सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देने की शक्ति होती है। जब आप तनाव महसूस कर रहे हों, तो संगीत सुनें। इससे स्ट्रेस रिलीज करने और अपनी भावनाओं को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। ध्यान और योग का अभ्यास करें ध्यान और योग आपके मन और शरीर को शांत करने में मदद करते हैं। नियमित अभ्यास से आप अपनी भावनाओं पर बेहतर नियंत्रण पा सकते हैं। ध्यान और योग स्ट्रेस, एंग्जाइटी कम करने और फोकस बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।



जनमार्ग
सिटी न्यूज
JANMARG news
श्रीगंगानगर, मंगलवार, 11 मार्च 2025


# माइंस व पेट्रोलियम के हस्ताक्षरित करार धरातल पर लाने की कवायद तेज

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** माइंस विभाग ने राइजिंग राजस्थान के दौरान माइंस व पेट्रोलियम के हस्ताक्षरित करारों को धरातल पर लाने की कवायद तेज कर दी है। प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम श्री टी. रविकान्त ने 100 करोड़ रु. से अधिक के माइंस से संबंधित एमओयू के स्टेक होल्डर्स से वन टू वन वर्चुअली संवाद कायम किया। उन्होंने करीब 42 स्टेक होल्डर्स से वन टू वन चर्चा करते हुए एमओयू करारों को धरातल पर लाने की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्टेक होल्डर्स से चर्चा के दौरान एमओयू करारों को तयसमय सीमा में पूरा कराने की कार्ययोजना की जानकारी ली और स्टेक होल्डर्स की स्थानीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक आ रही कटिनाइयों के निवारण में संबंधित विभागों से समन्वय व सहयोग का विश्वास दिलाया।



श्री टी. रविकान्त ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के दौरान माइनिंग सेक्टर के किए गए एमओयू में 100 करोड़ रुपए से अधिक के 42 एमओयू है। इनमें एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के 20 एमओयू है वही 100 करोड़ रु. से एक हजार करोड़ रु. तक के 22 एमओयू है। स्टेक होल्डर्स से समन्वय बनाये रखने के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाकर अधिकारियों द्वारा निरंतर संपर्क व मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं। स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं का यथासंभव निराकरण कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

ब्यूरों ऑफ इंडस्ट्रीयल प्रमोशन के श्री रेनो राज ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों से समन्वय व सहयोग के लिए इंडस्ट्रीयल इंटरफेस बनाया है। इसके माध्यम से निवेशक आवश्यक जानकारी व प्रगति से रुबरु हो सकते हैं।

नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक माइंस श्री महावीर प्रसाद मीणा और सह प्रभारी अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर श्री संजय सक्सेना ने राइजिंग राजस्थान के दौरान हुए निवेश करारों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा नियमित मोनेटरिंग और फील्ड अधिकारियों से समन्वय बनाया जा रहा है। बैठक में ओएसडी श्री श्रीकृष्ण शर्मा, अधीक्षण भूवैज्ञानिक सचिवालय श्री सुनील वर्मा, उपनिदेशक पेट्रोलियम श्री रोहित मल्लाह, स्टेक होल्डर्स व फील्ट अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे

# बार एसोसियेशन ने एक दिन की बागडोर महिला अधिवक्ताओं को सौपी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** बार एसोसियेशन श्री गंगानगर द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य मे एक दिन के लिए महिला अधिवक्ताओं को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव पद पर मनोनय करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक दिवस 10 मार्च के लिए बार एसोसियेशन अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता मंजु गुप्ता, उपाध्यक्ष पद पर इंदुबाला, सचिव पद पर गुरप्रीत कौर का मनोनय किया गया। बार एसोसियेशन के हाल मे आयोजित कार्यक्रम मे यह मनोनय किया गया। बार एसोसियेशन श्री गंगानगर के प्रेस सचिव एडवोकेट सुमेश शर्मा ने बताया की 8 मार्च महिला दिवस के दिन अवकाश होने के कारण यह कार्यक्रम वर्किंग डे मे सोमवार को



आयोजित किया गया। बार एसोसियेशन के सचिव अशोक सैनी ने बताया की इस कार्यक्रम मे वरिष्ट अधिवक्ता चरणदास कम्बोज, प्रवीण अहलूवालिया व ओम रावल के द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने महिला दिवस पर बार द्वारा किये गये इस नवाचार को सराहा। उन्होंने तीनो पदाधिकारी यो को बधाई व शुभकामनाएं प्रेरित की। बार एसोसियेशन के उपाध्यक्ष विनोद सिवर ने बताया की इस आयोजन मे अनेको महिला अधिवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम मे एडवोकेट सीताराम बिश्नोई, मोनिका नागपाल, नीरज सोनी,सुनील जोशी भरत वर्मा,दयाराम छींपा,सूखचैन धारीवाल,रजनीश सिडाना, सुनीता कपूर, राजेश ग्रेवाल, अभिशार उपबेजा, डॉ भुवनेश शर्मा,अरमान सेतिया, महक,कुमकुम, कविता, सरिता बुडानिया, गुरप्रीत, राधिका, प्रवीण कौर, बलविंदर कौर, मंजु जैन, ईशा कालड़ा, अमनदीप , सीनू सुनेल व अन्य अधिवक्तागण शामिल हुए।

# विधायक बराड़ के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं द्वारा 131 यूनिट रक्तदान

**श्रीगंगानगर।** सादलुशहर विधानसभा के युवा विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के जन्मदिन के अवसर पर हिंदुमलकोट के डिग्री कॉलेज में विशाल रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया।हिंदुमलकोट देहात मंडल के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह मंटू के नेतृत्व में ये विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।कैंप का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सरदार बलदेव सिंह बराड़ ने किया। सर्वप्रथम पौधारोपण कर



कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसी बीच उन्होंने सभी कार्यकताओं युवाओं का आभार व्यक्त किया।सरदार बलदेव सिंह बराड़ ने समस्त कार्यकताओं सहित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास कार्यों को लेकर बजट की कोई कमी नहीं है। बस आप हमे विकास कार्यों को लेकर अवगत कराओ बाकी काम हमारा होगा। विशाल रक्तदान शिविर में इंद्रा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 131 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।इस मौके पर प्रशासक देवेंद्र सिंह,जगवीर सिंह, मास्टर गुरदयाल मुडाई ,रामस्वरूप मिढ़ा,मनीष शर्मा, विकास झोरड़, जसमत सिंह,राजेश झोरड़, हिंदुमलकोट थाना प्रभारी गुरमेल सिंह,कॉलेज प्रिंसिपल ज्योति सहित अन्य उपस्थित थे।

# भीम आर्मी व आजाद सामाज ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन

**हनुमानगढ़।** भीम आर्मी व आजाद सामाज पार्टी के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद को जेड प्लस सुरक्षा मुहैय्या करवाने की मांग उठी है। इस संबंध में भीम आर्मी व आजाद सामाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। आजाद सामाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सोनू चौपड़ा के अनुसार भीम आर्मी व आजाद सामान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद पर मथुरा (उत्तर प्रदेश) में एक कार्यक्रम के दौरान जातिवादी मानसिकता के लोगों की ओर से आत्मघाती हमला किया गया। ओडिसा की राजधानी भुवनेश्वर में एक जनसभा के दौरान भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोगों की ओर से भी एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमला किया गया था। इन दोनों घटनाओं से स्पष्ट होता है कि संघ परिवार के संगठनों को सत्ता का खुला संरक्षण प्राप्त है। यह वही ताकतें हैं जो बहुजन आंदोलन, दलित-पिछड़े समाज व संवैधानिक अधिकारों के लिए उठने वाली हर आवाज को हिंसा व गुंडागर्दी से दबाने की कोशिश करते हैं। बहुजन समाज की दबंगता से आवाज उठाने वाले और बहुजनों के हक-अधिकार और मान-सम्मान के लिए संघर्ष करने वाले एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद की जान को खतरा बना हुआ है। उन्होंने मांग की कि इन दोनों घटनाओं को देखते हुए एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद को जेड प्लस सुरक्षा दी जाए। भविष्य में अगर भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के संस्थापक एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के साथ कोई अनहोनी घटना होती है तो सम्पूर्ण भारत में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी की ओर से बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर निशा चौपड़ा, निर्मला कुमारी, पूनम, मूर्ति, गायत्री, आकाश भाटी, सुमित्रा देवी आदि मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम, विजयी टीम का कॉलेज में स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** बीकानेर में 2 से 7 मार्च 2025 तक आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर उदय गोल्ड फुटबॉल कप प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर जिला फुटबॉल संघ की सीनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयवीर क्लब, कोटा को 2-1 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस ऐतिहासिक जीत में एसजीएन खालसा पीजी कॉलेज, श्रीगंगानगर के खिलाड़ियों ने भी अहम भूमिका निभाई।फाइनल मुकाबले में, दोनों टीमों की शुरुआत मध्यांतर तक 1-1 से बराबरी पर रही। मध्यांतर के पश्चात श्रीगंगानगर टीम ने दूसरा गोल कर बढ़त बनाई, जो अंत तक कायम रही। कप्तान साहिल खान, अंकित, अमन, सौरव, अनमोल, पुलकित, शंकर राणा, शिवम, अजय, सन्त्री, भूमेश, विशाल, अंकित, पार्थ अभिषेक,



अनंत कुमार सोलंकी, लोकेश तथा देवेंद्र समेत सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयी होकर इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के हकदार बने। टीम के कोच गुरजीत सिंह खोसा के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अनुशासन और शानदार टीम वर्क का प्रदर्शन कियाइस ऐतिहासिक जीत के दौरान कई खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया, जिसमें भुप्पी को फाइनल का मैन ऑफ द मैच, देवेंद्र को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, लोकेश को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर, और हरजोत को टॉप स्कोरर के खिताब से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद जब टीम एसजीएन खालसा पीजी कॉलेज लौटी, तो कॉलेज में खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह और खेल निदेशक गुरजीत सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस जीत ने न केवल जिले का बल्कि कॉलेज का भी मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाई है और भविष्य में भी इसी तरह सफलता की उम्मीद है।

कॉलोनी के पट्टे जारी नहीं किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाने पर

# विधायक का आभार जताया

**सूरतगढ़।** सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गैदर ने विधानसभा में मांग संख्या 39 और 40 के अंतर्गत नगर पालिका सूरतगढ़ द्वारा काटी गई कॉलोनी के पट्टे जारी नहीं किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाने पर समाजसेवी संगठनों सहित लोगों ने आभार प्रकट किया। विधायक डूंगर राम गेदर ने विधानसभा में कहा किशनपुरा अंडर ब्रिज के पास औद्योगिक क्षेत्र के नजदीक वर्ष 2018 में नगर पालिका द्वारा एक आवासीय कालोनी काटी गई थी लेकिन लगभग 7 वर्ष बीतने के बाद भी भूखंड धारीयों को ना तो पट्टे जारी किए गए और ना ही उन्हें कब्जा दिया गया जबकि क्रेताओं द्वारा पूरी राशि नगर पालिका कोष में जमा करवाई जा चुकी है। खरीददार पूरे पैसे भरने के बावजूद दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है। इसी तरह से सैनी गार्डन के पास कटी कॉलोनी के खरीददार भी पट्टों के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूरतगढ़ में खसरों के टायर लगे हुए हैं और खसरा संख्या 351 में भी भू माफियों द्वारा हेरा फेरी की गई है। भूखंड धारीयों की इस वाजिब मांग को विधानसभा के पटल पर रखने के लिए भूखंड क्रेता अनिल रांका, संजय बैद, विद्याधर जोशी, अमित पेड़ीवाल, राकेश देराश्री, भंवरलाल स्वामी, बुधराम आदि ने इस सहयोग के लिए विधायक डूंगरराम गैदर का आभार व्यक्त किया। विधायक महोदय ने इस मांग को अति शीघ्र स्वायत शासन मंत्री के समक्ष व्यक्तिगत रूप से रखने का भी आश्वासन दिया। इस कार्य में पूर्व पालिका अध्यक्ष श्री परसराम भाटिया का भी सहयोग रहा।

# महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री राधा गोविन्द सेवा संस्थान एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन महाराजा अग्रसेन स्कूल में किया गया जिसमें महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ बालिकाओं को योग एवं भारतीय संस्कृति की पहचान के लिए विद्यालयों में योग के लिए प्रेरित करना, प्रतियोगिता कराना व होली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। रीत कपिला, भाग्य कपिला, निवृति गाबा, कोमल यादव, मोनिका, कोमल रतावा, शिव ग्रोवर, छवि शर्मा, पायल शर्मा ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने झूमर किया व फाग उत्सव मनाया। श्री राधा गोविन्द सेवा संस्थान एवं महिला पतंजलि योग समिति द्वारा बालिकाओं की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति उत्कृष्ठ सेवा करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सविता लालगढि?ा, ज्योति नायक, जया ज्याणी, पूजा नागपाल, नीतू सैन जीएसटी अधिकारी, प्रवीण बुद्धिराजा, आत्माराम, सुरेन्द्र शर्मा,





सीमा गर्ग, मनोज चनानी, मदन खुराना, मनोज गुप्ता, अध्यक्षता अनामिका दाधीच प्रधानाचार्या महाराजा अग्रसेन स्कूल, संयोजक श्रीमती रेणु अग्रवाल, सह-संयोजक वैजन्ती शर्मा, विशिष्ठ अतिथि विनोद ग्रप्ता, आत्माराम, डॉ. पी.सी. आचार्य, पूजा नागपाल सराहनीय सहयोग विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संस्था प्रधान, विद्यालय स्टॉफ , श्री राधा गोविन्द सेवा संस्थान एवं महिला पतंजलि योग समिति के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण का रहा। मंच संचालन पी.सी. आचार्य व वैजन्ती शर्मा ने किया। इस अवसर पर सम्मानित शिक्षिकाओं जिसमें रेखा सोनी, ज्योति अग्रवाल, रिम्पा तलवार, सिमरणकौर, सुनीता शर्मा, अनामिका दाधीच, पूजा नागपाल, प्रवीण नागर, सपना गाबा, नीलम खुराना, स्नेहलता, नीलम खुराना, कुसुम अरोड़ा, ज्योति अग्रवाल, पूजा मुंजराल, प्रभा शर्मा, रीटा खुराना, सुषमा अग्रवाल, सुनीता गोयल, प्रदीप कौर, तृप्ता शर्मा, पायल शर्मा, प्रीति तनेजा, कर्मजीत कौर एवं पार्को में योग शिविर लगाने वाली योग विशेषज्ञ एवं अतिथिगण तथा महिलाओं के लिए सहयोग करने वाली कार्यकर्ता आदि को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।

# होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** माहेश्वरी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष भंवर लाल चांडक परिवार ने होली पर चंग धमाल की प्राचीन परंपरा को कायम रखने के लिए होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। परिवार द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन चंग धमाल के कार्यक्रम में सदर थाना प्रभारी रामकुमार लेघा, जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष साहब राम मोटियार, असम निवासी छगनलाल चांडक ने विधिवत पूजा अर्चना करके शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुराना बाजार चंग धमाल पार्टी के रामकुमार व्यास, शुभकरण जैन, मांगीलाल ओझा, सागरमल दायमा, महावीर बेनीवाल, अर्जुन गौड़ ने चंग की थाप पर मेहंदी नृत्य के साथ होली के परंपरागत गीत और भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के संचालक हास्य कलाकार विकास सारस्वत ने मनोरंजन प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को खूब हंसाया। इस अवसर पर द्वारका प्रसाद लखोटिया, भंवरलाल लखोटिया, गिरधारी लाल चांडक, धर्मा चांडक, कमल कोठारी, मदन लाल सारड़ा, सत्यनारायण झंवर, एडवोकेट रविकांत शर्मा, एडवोकेट विष्णु शर्मा, पवन सोमानी, कामरेड मदन ओझा, गोवर्धन राजपुरोहित, सेवानिवृत्ति थानेदार विष्णु शर्मा, सतीश झंवर, राजेश कोठारी, श्यामसुंदर कोठारी, सुनील सरावगी, दीपक मुंदड़ा, जयप्रकाश सोमानी, सोनू मुंदड़ा सहित परिवार और मित्र बंधुओं ने चंग धमाल पर नाचते हुए रंग गुलाल उड़ाकर कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** प्रांत स्तरीय कहानी प्रतियोगिता में श्री आत्म वल्लभ जैन पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा गौरवान्वित किया है। विद्यालय कॉर्डिनेटर मुकेश सेठी ने बताया कि राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय तथा अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने तथा समाज की सबसे मजबूत नींव परिवार के महत्व से अवगत कराने के लिए गत वर्ष 10 अक्टूबर, 2024 को कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता के मुख्य विषय भारतीय परिवार व्यवस्था, कुटुंब परंपरा तथा आधुनिक परिवार रहे। इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में श्री आत्म वल्लभ जैन पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की छात्रा रागिनी सांखला ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान, छात्रा दीपिका पटवा ने द्वितीय स्थान तथा छात्रा राधिका व तोशिका वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाल ही में अखिल भारतीय





साहित्य परिषद राजस्थान जोधपुर इकाई द्वारा इस कहानी प्रतियोगिता का प्रांत स्तरीय परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें जैन स्कूल की छात्रा तोशिका वर्मा ने प्रान्त स्तर पर द्वितीय स्थान तथा छात्रा दीपिका पटवा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। श्री सेठी ने बताया कि सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान जोधपुर इकाई द्वारा यूथ हॉस्टल, सर्किट हाउस रोड, नजदीक भाटी सर्किल, रतनाडा, जोधपुर में पुरस्कार वितरण समारोह फाल्गुन शुक्ल दशमी, 9 मार्च 2025, रविवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान के प्रांत महामंत्री लालाराम प्रजापत, आयोजक सचिव विक्रम सिंह शेखावत, प्रांत अध्यक्ष डॉ. अखिलानंद पाठक मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अन्नाराम शर्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की तथा विशिष्ट अतिथि राजेंद्र गहलोत सांसद राज्यसभा, प्रोफेसर (डॉ.) कल्याण सिंह शेखावत एवं डॉ. फतेह सिंह भाटी वरिष्ठ साहित्यकार थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मनोज कुमार राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत अपने मधुर उद्बोधन और कविताओं के जरिए मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए की। कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ग के प्रतिभागियों को सम्मानित करने से पहले स्वयं द्वारा लिखी गई कहानी को मंच पर सभी के सामने प्रस्तुत करने का आग्रह किया, जिसके तहत जैन स्कूल की छात्रा दीपिका पटवा का चयन श्रीगंगानगर से किया गया। प्रत्येक वर्ग के चयनित प्रतिभागी ने मंच पर आकर स्वयं द्वारा लिखी गई कहानी का सार तथा शिक्षा सबके समक्ष प्रस्तुत की। तत्पश्चात् प्रत्येक वर्ग के क्रमानुसार प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र तथा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष अखिलानंद पाठक तथा मुख्य वक्ता मनोज कुमार ने बताया कि कहानी प्रतियोगिता में कुल 1434 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमें 947 विद्यार्थी विद्यालय स्तर पर, 300 विद्यार्थी महाविद्यालय स्तर पर तथा 187 प्रतिभागी साहित्यकार स्तर पर शामिल हुए। प्रथम वर्ग के (विद्यालय और महाविद्यालय स्तर) के प्रतिभागियों को उनके वर्ग के अनुसार 'जैनेंद्र सम्मान' तथा साहित्यकार वर्ग में 30 वर्ष से कम आयु व 30 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों को 'साहित्य पद्म सम्मान' पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन शिविर गीत 'संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो' से किया गया।

# सीएलजी बैठक में समस्याओं पर चर्चा

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार चौधरी ने सिटी थाना का निरीक्षण कर अपराध अंकुश लगाने के लिए सीएलजी बैठक में समस्याओं पर चर्चा की गई। एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार चौधरी ने सिटी थाना सी आई दिनेश सारण के साथ थाने का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। सिटी थाना में सी एल जी बैठक में एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार चौधरी ने अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के साथ जन सहभागिता बनाए रखने के लिए अपने आसपास गली मोहल्ले में संदिग्ध लोगों पर नजर रखकर ऐसे लोगों को रोकने के प्रयास करने चाहिए। पुलिस अधिकारी और हर जवान जनता की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता है पब्लिक को भी आपस में ताल मेल बनाकर अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद करनी चाहिए।हर गली मोहल्ले में अपने घरों के आगे सीसीटीवी कैमरे लगवाने का प्रयास करें ताकि वारदात होने पर अपराधी को पकड़ने और उसकी पहचान करने में पुलिस को पूरी मदद मिल सके। बढ़ रहे नशे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कड़ी कारवाइयां कर रही है इसके बावजूद नशे के संबंध में रोकथाम करने के लिए शहर के लोगों को जागरूक होकर पुलिस को गुप्त रूप से सूचना देनी चाहिए। नशे के प्रति लोगों को सचेत रहकर अपने बच्चों पर निगरानी रखनी चाहिए ताकि बच्चा गलत संगत में पड़कर नसे के जाल में फसने से बच सके। हॉस्टल व कोचिंग संस्थान में कोचिंग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का पुलिस वेरीफिकेशन होना चाहिए। हॉस्टल में रहने वाले बच्चों के पास बिना पुलिस वेरिफिकेशन के रुकने वालों की सूचना पुलिस को दी जाए ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना होगा यही हमारा भविष्य सुधार सकते हैं।बच्चों को अच्छी शिक्षा अच्छा संस्कार देने से बच्चा सही दिशा में चलकर अपना और अपने परिवार के अलावा समाज और देश का नाम भी ऊंचा करेगा। सी आई दिनेश सारण ने कहा शहर में पुलिस लगातार नियमित गस्त करके अपराधियों पर कार्यवाही कर रही है नशे के खिलाफ टीम बनाकर कड़ी कार्यवाही हो रही है।

## नंदीशाला को दिए 51 हजार रुपए

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** समाज सेवा व गोसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए श्री राम प्रभात फेरी मंडल, हाउसिंग बोर्ड ने श्री नंदीशाला, दुर्गा कॉलोनी, हनुमानगढ़ जंक्शन को 51 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की। मंडल के सदस्यों ने बताया कि पिछले दस वर्षों में वे विभिन्न गौशालाओं को अब तक 26 लाख 2 हजार रुपए दान कर चुके हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंडल द्वारा नियमित रूप से प्रभात फेरी निकाली जाती है, जिसमें हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र के महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। यह प्रभात फेरी प्रतिदिन सुबह 5 बजे प्रारंभ होती है, जिसमें श्रद्धालु श्री राम के नाम का जाप करते हुए नगर भ्रमण करते हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान से भक्तिभाव का वातावरण बनता है और आमजन को सेवा कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उक्त प्रभात फेरी हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर 12, नई खुंजा, आईटीआई आबादी सहित 12 वार्डो का प्रतिदिन भर्मण करती है।

# रियासतकालीन तथा ऐतिहासिक महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने हेतु अभिलेखागार बीकानेर में भिजवाने की मांग

## ❏ महाराजा गंगासिंह जी धरोहर संरक्षण संस्थान ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**श्रीगंगानगर।** महाराजा गंगासिंह जी धरोहर संरक्षण संस्थान ने अध्यक्ष प्रताप सिंह शेखावत एडवोकेट के नेतृत्व में अति. जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिला अभिलेखागार सहित अन्य रिकॉर्ड रूम में दीमक आदि से खराब हो रहे रियासतकालीन तथा ऐतिहासिक महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के लिए निदेशालय, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर में भिजवाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में सहायक शासन सचिव, कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर के पत्र क्रमांक प.3(1) क.स./2018 पार्ट जयपुर दिनांक 09.11.2020, जिला अभिलेखागार सहित अन्य रिकॉर्ड रूम में रियासतकालीन तथा ऐतिहासिक महत्वपूर्ण रिकॉर्ड निदेशालय राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर भिजवाने के निर्देश का भी हवाला दिया गया है।

एडवोकेट प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि उनके द्वारा दिनांक 17.07.2020 व दिनांक 11.06.2021 को ज्ञापन प्रस्तुत कर श्रीगंगानगर के संस्थापक महाराजा गंगासिंह जी के समय से श्रीगंगानगर के



नगरीय व गांवों की बसावट, उनके नक्शे, पट्टे, रेवेन्यू रिकॉर्ड, सिविल व क्रिमिनल मुकदमों के महत्वपूर्ण निर्णय, गंगनहर से सम्बन्धित रिकॉर्ड, गोचर, जोहड़ पायतन भूमियों का रिकॉर्ड, सार्वजनिक स्थलों, औद्योगिक इकाइयों का रिकॉर्ड आदि समस्त प्रकार के ऐतिहासिक व अतिमहत्वपूर्ण रिकॉर्ड को स्थानीय स्तर पर डिस्पोजल नहीं कर उक्त रिकॉर्ड को राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर में सुरक्षित भिजवाने का निवेदन किया गया था। उक्त ज्ञापन की प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर को भी प्रेषित की गई थी। मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार व उक्त कार्यवाही के क्रम में जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर को उक्त ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण रिकॉर्ड के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करवाने का आदेश पारित किया गया था। परन्तु इसके बावजूद भी उक्त के सम्बन्ध में कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि उक्त वर्णित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को दीमक नष्ट कर रही है। उक्त रिकॉर्ड की जिला अभिलेखागार व अन्य रिकॉर्ड रूम में सार-सम्भाल नहीं की जा रही है, जिसके कारण उक्त महत्वपूर्ण रिकॉर्ड नष्ट हो रहा है। निदेशालय, राजस्थान राज्य अभिलेखागार बीकानेर में रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने की सम्पूर्ण व्यवस्था है।

एडवोकेट दीपक सारस्वत ने कहा कि अनेक ज्ञापन प्रस्तुत करने के बावजूद व मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार व उक्त कार्यवाही के क्रम में जिला कलेक्टर श्रीगंगानगर को उक्त ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण रिकॉर्ड के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करवाने का आदेश पारित किया गया था।

महाराजा गंगासिंह जी धरोहर संस्थान सदस्यों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के निर्देशित करने के बावजूद जिला प्रशासन की लापरवाही से महत्वपूर्ण रिकॉर्ड दीमक खाने से व सार-सम्भाल के अभाव में नष्ट हो रहा है। इसलिए उक्त महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक रिकॉर्ड को निदेशालय, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर में भिजवाने का आदेश पारित किया जाए। इस अवसर पर एडवोकेट विजय चौहान, अमित स्वामी, अरमान सेतिया, चरणजीत आदि महाराजा गंगासिंह जी धरोहर संरक्षण संस्थान के सदस्य उपस्थित थे।

## अपराधों पर नियंत्रण हेतु पुलिस वेरीफिकेशन नहीं करवाने वाले किरायेदारों व भवन मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग

**श्रीगंगानगर।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ, श्रीगंगानगर ने अति. जिला कलेक्टर (प्रशासन) को ज्ञापन सौंपकर श्रीगंगानगर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु बिना पुलिस वेरीफिकेशन के अवैध रूप से भवन किराये पर देकर किरायेदार रखने वाले मकान मालिकों, पी.जी., हॉस्टल संचालकों तथा आगंतुकों के ठहरने आदि का रिकॉर्ड संधारण नही करने वाले होटल संचालकों के विरूद्ध बी.एन.एस व बी.एन.एस.एस. के तहत कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। जिला सह संयोजक प्रतापसिंह शेखावत एडवोकेट ने कहा कि श्रीगंगानगर सीमावर्ती जिला होने के कारण अति संवेदनशील क्षेत्र है। श्रीगंगानगर शहर सहित सम्पूर्ण जिले में आए दिन अपराध बढ़ते जा रहे हैं। बाहर से आये अपराधी यहाँ किराये के भवनों, पी.जी. हॉस्टल आदि में रहकर अपराधों को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। पिछले कुछ महीनों में हत्या, लूटपाट जैसी अनेक गंभीर आपराधिक घटनाएं घटित हो चुकी हैं। इसलिए अपराधों की रोकथाम के लिए जिन मकान मालिकों, हॉस्टल पी.जी. संचालकों तथा होटल संचालकों द्वारा किरायेदारों अथवा रहने वालों का पुलिस वेरीफिकेशन नहीं करवाया जाता है, उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने का आदेश जारी किया जाए।



एडवोकेट दीपक सारस्वत ने कहा कि श्रीगंगानगर शहर व जिले में संचालित होटलों तथा गेस्ट हाउस में आगंतुकों का पूर्ण रिकार्ड संधारित नहीं किया जाता है। ऐसे कुछ होटलों व गेस्ट हाउस में अनेक अवैध गतिविधियां भी संचालित की जा रही है। ऐसे होटलों व गेस्ट हाउस के विरुद्ध आगंतुकों के आवागमन उनके पहचान पत्र आदि का रिकॉर्ड संधारण नही करने के संबंध में कानूनी कार्यवाही करवाने के आदेश पारित किया जाए।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि श्रीगंगानगर शहर व सम्पूर्ण जिले में अपराधों पर नियंत्रण हेतु पुलिस वेरिफिकेशन तथा आगंतुकों का रिकॉर्ड संधारण करने का आदेश पारित करने के साथ-साथ जिनके द्वारा भी पुलिस वेरीफिकेशन तथा आंगुतकों के रिकार्ड संधारण के आदेशों की अवहेलना की जाती है, उनके विरूद्ध बी.एन.एस. की धारा 223 तथा बी.एन.एस.एस. की धारा 163 के अन्तर्गत कानूनी कार्यवाही किये जाने तथा पुलिस वेरिफिकेशन समय सीमा निर्धारित करने का आदेश भी जारी किया जाए, ताकि अपराधों पर अंकुश लग सके।

## वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए

**सूरतगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत अपेक्स क्लब ने लोगों को जागरूक करने के लिए वाहनों पर रिफलेक्टर लगाए। सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी मूल सिंह शेखावत, अपेक्स क्लब



अध्यक्ष अशोक धमीजा, क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन आकाशदीप बंसल, सन्नी चुघ ने पवन मिष्ठान भंडार के सामने तहसील चौराहे पर अभियान चलाकर 300 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। अभियान के दौरान संदीप अग्रवाल, आनंद जैन, राजेंद्र बाबू मिश्रा, अशोक भट्ट, डॉक्टर राहुल छाबड़ा, अमित मुंजाल, विनोद जाखड़, सुरेंद्र गोयल, मनोहर लाल शर्मा, गिरधारी लाल शर्मा, डॉक्टर विशाल छाबड़ा, एच आर भादू सहित सदस्य मौजूद रहे।

## प्रभारी चिरंजीव राव का कमला बिश्नोई ने किया भव्य स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान के सह प्रभारी (रेवाडी विधायक)चिरंजीव राव जी एव ओबीसी प्रकोष्ठ के राजस्थान प्रभारी भरत तोंगड एक दिवसीय श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ के दौरे पर रहे इस अवसर पर श्रीगंगानगर महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष कमला बिश्नोई के निवास स्थान पर अजय बिश्नोई प्रदेश महासचिव यूथ कांग्रेस ,बिश्नोई समाज के द्वारा श्रीचिरंजीव राव जी, ओबीसी प्रकोष्ठ के राजस्थान प्रभारी भरत तोगड का पगड़ी पहनाकर शॉल औढाकर भव्य स्वागत किया गया एवं माल्यार्पण किया गया इस अवसर पर प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी श्रीजिया उर रहमान प्रदेश सचिव विधायक



श्री डूंगरराम गैदर का भी स्वागत किया गया इस अवसर पर श्रीगंगानगर के कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अंकुर मिंगलानी प्रदेश महासचिव यूथ कांग्रेस राजस्थान अजय बिश्नोई सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव चिरंजीव ने प्रतीक प्लाजा होटल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और कहां की पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की चिरंजीव राव ने कहा की जिला, ब्लाक, मंडल और बूथ स्तर तक कार्यक्रम कर कांग्रेस को मजबूत करने का काम करे। भाजपा की पर्ची सरकार अफसरशाही तथा भ्रष्टाचार से पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है। भाजपा के ऐसे अलोकतांत्रिक इरादों को कांग्रेस कभी भी कामयाब नहीं होने देगी।

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, गंगनहर ओएफडी खण्ड-7 सिक्षेवि, श्रीगंगानगर**
EMAIL: eegnp7.bkn.cad@rajasthan.gov.in
**वाहन नीलामी सूचना सं. वर्ष 01/2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस खण्ड कार्यालय में वाहन जीप सं. आर.जे. 07 सी 1723 को श्रीमान् मुख्य अभियन्ता (पश्चिम) सीएडी बीकानेर के पत्रांक राजकाज रेफरेंस 12378137 दिनांक 16.12.2024 के द्वारा नाकारा घोषित करने पर उक्त वाहन को जहाँ है जिस स्थिति में है, की नीलामी की जानी है। नीलामी दिनांक 10.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे जल संसाधन विश्राम गृह श्रीगंगानगर में की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित धरोहर राशि जमा करवाकर बोली/नीलामी में भाग ले सकते है। विस्तृत नीलामी सूचना की जानकारी एवं शर्तें इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में तथा विभागीय वैबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in & www.cad.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB NO:CDB2425A0057
UBN NO: CDB2425WSOB00228
DIPR/C/2660/28.02.25

(सुखमहेन्द्र सिंह)
अधिशाषी अभियंता
गंगनहर ओएफडी खण्ड-7, सिक्षेवि, श्रीगंगानगर

## राष्ट्रीय युवक परिषद का कार्यक्रम आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़** आज जंक्शन अबोहर रोड स्थित गौशाला में राष्ट्रीय युवक परिषद का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कि व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुमन चावला, आर डी जुनेजा, डॉक्टर ऋषभ गुप्ता, मुकेश शर्मा सहयक अभियंता, राय सिंह जेलर व ईश्वर ओम बठंला थे । इस मौके पर हनुमानगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जनेश तंवर का पदोन्नति होने पर राष्ट्रीय युवक परिषद द्वारा भव्य स्वागत किया गया । इस मौके पर राष्ट्रीय युवक परिषद के जिला अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जनेश तंवर ने शहर में फैल रहे नशे के खिलाफ व रात्रि में व स्कूल व कॉलेज के समय आवारागर्दी करते युवाओं पर अंकुश लगाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर आज उन्हें सम्मानित किया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का पश्चिम मंडल पर प्रवास कार्यक्रम

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह जिला प्रवास कार्यक्रम के तहत पश्चिम मंडल प्रवास पर रहे। इस अवसर पर पश्चिम मंडल अध्यक्ष सुशील अरोड़ा व पार्टी पदाधिकारियों ने नवनियुक जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह का स्वागत किया व उन्हें जिलाध्यक्षी की बधाई दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया व पार्टी संगठन के कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक चर्चा की व पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक जमीनी स्तर पर मजबूती से उन्हें लाभ दिलवाने के लिया कहा।



इस मौके पर जिला महामंत्री प्रदीप धेरड़, जिला उपाध्यक्ष रतन गणेशगढ़ीया, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीराम स्वामी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अनवर अली खान, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित चलाना, व नंदलाल मिढ्ढा, भंवर राईका, मनदीप कौर सोनी, ज्योति सोनी, महेश जैन, मुकेश मक्कड, जगदीश घोड़ेला, मांगीराज बायड, श्रवण कुमार, मुकेश चंदेल, हरिशंकर तिवारी, भंवरलाल, गणेशाराम, राकेश शर्मा, योगेश चंदेल, अशोक मेठिया, प्रवीण भटेजा, भगवान सहाय महेंद्रा, रवि सोनी, शंकर, हर्ष स्वामी, नितिन, गौरव स्वामी, लवीश सैन, विशाल सोनी, रजनीश तिवारी, अमित शर्मा, दीनबंधु गिरी, नवाब सिंह, विजय शंकर सिंह, हिम्मत सिंह चौहान, बिट्टू सैन, राजेश भाट, चंद्रपाल वर्मा, विक्रमजीत सिंह, जेपी गोरी, सूरज सोनी, नैना सोनी, कुलदीप सिंह, विजय भाटिया,महेश मेहंदीरता, सैम कालरा, रिंकू सिंह, संतोष गुप्ता, नवलकिशोर शर्मा, अमित फुटेला, इंदर कुमार शर्मा, आशीष राठौर, श्रवण चावला, रूपेंद्र यादव व पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टीएसए इंटरनेशनल स्कूल में होली उत्सव का रंगारंग आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** टीएसए इंटरनेशनल स्कूल में होली के पावन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर मे रंग-बिरंगी सजावट की गई। जिससे वातावरण में उत्सव का उल्लास स्पष्ट झलक रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेणु मुद्गल के प्रेरणादायी संबोधन से हुई। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ. पंकज पंडित ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में रंगों की तरह विविधता, उत्साह और सकारात्मकता अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में हो रहे सतत विकास की भी सराहना



की। सुरेंद्र शर्मा, विद्यालय प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्य, ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल की सराहना की। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य प्रस्तुति जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से होली के त्योहार को जीवंत कर दिया। रंगों की जगह इस वर्ष हँसी और तालियों ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर विविधता में एकता का संदेश दिया। ढोल और चंग की थाप ने पूरे वातावरण को उमंग और ऊर्जा से भर दिया। विद्यार्थियों ने होली है! के नारों के साथ इस रंगों के पर्व को यादगार बना दिया। समापन पर निदेशक महोदय डॉ पंकज पंडित और सुरेंद्र शर्मा द्वारा सभी विद्यार्थियों की सरहाना की गई और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षकगणों का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

## होली स्नेह मिलन समारोह 14 मार्च को

**हनुमानगढ़।** अग्रवाल समाज समिति (रजि.) हनुमानगढ़ जंक्शन द्वारा होली के पावन अवसर पर ष्होली स्नेह मिलन समारोहष् का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन की तैयारियों के लिये समिति सचिव अमरनाथ सिंगला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। सचिव अमरनाथ सिंगला ने बताया कि यह आयोजन शुक्रवार, 14 मार्च 2025 को सायं 4 बजे महाराजा अग्रसेन भवन, हनुमानगढ़ जंक्शन में होगा, जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों सहित अनेक श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। इस रंगारंग कार्यक्रम में प्रसिद्ध कॉमेडियन राकेश लोहारा और मदन (पल्लू) अपनी हास्य प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। कार्यक्रम में फूलों की होली, चंग धमाल और नमस्ते आर्टिस्ट म्यूजिक बैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

**कार्यालय उप श्रम आयुक्त श्रीगंगानगर**

**विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना 01/2025-26**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस कार्यालय में कार्य आधार पर मशीन विद मैन की सेवाएं दर अनुबंध पर उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवदेक जो कि राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) आय कर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 (या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1966 ) अन्तर्गत पंजीकृत हो. से निम्नलिखित प्रकार से खुली बोली आमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | विवरण | कार्य अनुमानित लागत | बोली प्रतिभूति राशि | बोली प्रपत्र शुल्क | बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बोली खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 5 मशीन विद मैन | 9.50.000/- | 19000/- | 500/ | 17.03.2025 प्रातः 10.30 बजे | 17.03.2025 दोपहर 12.00 बजे |

1. खुली बोली आमंत्रण सूचना विस्तृत आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
2. खुली बोली प्रतिभूति राशि एवं खुली बोली प्रपत्र शुल्क राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक उप श्रम आयुक्त श्रीगंगानगर के पक्ष में बनाना होगा।
3. खुली बोली उप श्रम आयुक्त श्रीगंगानगर के कक्ष में बोलीदाता / संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
4. किसी भी बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोली प्रपत्र कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है।

**उप श्रम आयुक्त**
**श्रीगंगानगर**

# महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

## राज्य की हर महिला-बालिका के मोबाइल में हो राजकॉप सिटीजन एप

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और राजस्थान पुलिस ने प्रदेश भर की महिलाओं से अपील की है कि महिलाओं को आपातकालीन स्थितियों में चंद मिनटों में पुलिस सुरक्षा सुलभ कराने के उद्देश्य से विकसित किए गए राजकॉप सिटीजन एप हर महिला-बालिका के मोबाइल में डाउनलोड हो।

महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू ने बताया कि महिलाओं को आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन परिस्थितियों में 24म7 सुनिश्चित पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 14 दिसम्बर 2024 को राजकॉप सिटीजन एप पर 'मदद चाहिए' का शुभारम्भ किया गया था। अब तक 18.3 लाख से अधिक बार यह डाउनलोड किया जा चुका है। एप के नए फीचर नीड हेल्प शुरू होने के बाद 1,87,040 लोगों द्वारा इसे डाउनलोड किया गया है।

पुलिस महानिदेशक साहू ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सरकार द्वारा महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के लिए कई संवेदनशील व महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए जहां कानून को सख्त किया गया, वहीं इन मामलों की तेजी से सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए गए। महिला सुरक्षा की दृष्टि से 24 घंटे चलने वाली महिला हेल्पलाइन स्थापित की गई। रात्रि में पुलिस



गश्त एवं सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के साथ महिला पुलिस स्टेशन भी स्थापित किए गए हैं।

महानिदेशक साइबर क्राइम, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि ने राजस्थान पुलिस के राजकॉप सिटीजन एप में जोड़ा गया 'नीड हेल्प' फीचर महिलाओं के लिए वरदान साबित हुआ है। यह फीचर आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन परिस्थितियों में पीड़ित महिलाओं को बिना समय गवाए चंद मिनटों में सहायता उपलब्ध कराता है। राजस्थान पुलिस ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि अपने घर की सभी महिलाओं एवं बालिकाओं के मोबाइल में राजकॉप सिटीजन एप डाउनलोड करवाएं ताकि उन्हें विषम परिस्थितियों में तत्काल पुलिस सहायता मिल सके। प्रियदर्शी ने बताया कि राजकॉप सिटीजन एप पर अब तक 13,638 लोगों ने मदद मांगी है, जिनमें अधिकांशतः का निस्तारण किया जा चुका है।

साइबर क्राइम व एससीआरबी के महानिरीक्षक शरत कविराज ने बताया कि राजकॉप सिटीजन एप को जन-जन तक पहुंचाने के लिए टीम राजस्थान पुलिस द्वारा समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान रूप में पुलिस द्वारा कॉलेज व कोचिंग संस्थाओं में पहुंच कर इस एप के बारे में बालिकाओं को जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। हाल ही में राजकॉप सिटीजन एप को लोकप्रिय बनाने के लिए पुलिस द्वारा 'एप है तो सेफ है' टेगलाइन को प्रमोट किया जा रहा है यह टैगलाइन राजस्थान पुलिस के सेंट्रल कंट्रोल रूम की प्रभारी एएसआई सुनीता शर्मा द्वारा तैयार की गई है।

इस तरह डाउनलोड होगा राजकॉप सिटीजन एपः गूगल प्ले स्टोर/आईओएस एप स्टोर से राजकॉप सिटीजन एप डाउनलोड कर अपनी मोबाईल नम्बर या एसएसओ आईडी से लॉगिन करे। महिला द्वारा सहायता चाहने पर मदद चाहिए बटन पर क्लिक करना होगा। प्रदर्शित स्क्रीन पर तीर के निशान को स्लाईड करना होगा। महिला अपना मैसेज लिखकर या रिकॉर्ड कर सबमिट कर सकती है।

एप में दिये गये सहायता अनुरोध बटन के माध्यम से स्वयं द्वारा किये गये अनुरोध को ट्रैक किया जा सकेगा एवं पुलिस वाहन को अपनी लोकेशन तक आते हुए देखा जा सकता है। वाहन के निर्धारित स्थान पर पहुंचने एवं पीड़िता को मदद उपलब्ध कराने के पश्चात् टीम द्वारा इवेंट को बंद कर दिया जावेगा। पुलिस द्वारा तुरंत उपलब्ध करायी गयी सहायता के सम्बन्ध में महिला द्वारा अपना फीडबैक दिया जा सकता है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किया सम्मानित



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), श्रीगंगानगर के तत्वावधान में समाज कल्याण समन्वित विकास संस्था, श्रीगंगानगर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को दी गंगानगर केंद्रीय सहकारी बैंक परिसर में नाबार्ड महिला शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्राचार्य मंजू गोयल, सुप्रीमा चितलांगिया एडवोकेट, समाजसेवी सत्य जोहरी एवं गंगानगर केन्द्रीय सहकारी बैंक वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती शिप्रा थे तथा अध्यक्षता नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक अमरजीत सिंह ने की।

संस्था सचिव पूनम बिश्नोई ने बताया कि इस कार्यक्रम में नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं में संस्था द्वारा प्रशिक्षित प्रगति पथ पर अग्रसर 80 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उपयोगी उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। श्रीगंगानगर सहित सूरतगढ़, पदमपुर, सादुलशहर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से भी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने स्वरोजगार द्वारा महिलाओं को निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अमरजीत सिंह ने स्वयं सहायता समूह के पांच सूत्रों के माध्यम से विकास की ओर बढ़ने पर बल दिया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अतिथियों द्वारा महिला शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुनीता, मंजू, भागवंती, मधु, इन्दिरा देवी, संतोष, रजनी, रेनू, वीना तथा ज्योति पूनिया आदि महिलाओं ने भी अपने अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर समाज कल्याण समन्वित विकास संस्था श्रीगंगानगर पदाधिकारी व सदस्य तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं।

# एपेक्स इंटरनेशनल ने मनाया स्थापना दिवस

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** एपेक्स इंटरनेशनल का स्थापना दिवस मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एस. आर. एम. स्कूल के पास स्थित अंडरपास में कोनबैक्स ग्लास लगवाया गया, जिससे दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों को सुगम मार्गदर्शन मिल सके। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात प्रभारी राजेंद्र घोड़ेला ने भाग लिया और कोनबैक्स ग्लास का अनावरण किया। इस विशेष आयोजन के दौरान क्लब के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा और सचिव विपिन गगनेजा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# श्री श्याम सतरंगी फाग महोत्सव आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** श्री श्याम सखा मंडल व महिला मंडल द्वारा आयोजित 21 दिवसीय श्री श्याम सतरंगी फाग महोत्सव के उपलक्ष में श्री श्याम संध्या का आयोजन किया। हारा हूं बाबा मुझे तुझ पर भरोसा है, जीतूंगा एक दिन मेरा दिल यह कहता है---- मुझे श्याम तेरा सहारा ना होता तो दुनिया में मेरा गुजारा ना होता---- श्री श्याम भजन संध्या में भजन गायक राजपाल स्वामी, दिनेश सागर, हर्ष कुमार, पायल सेठिया, करण कुमार, मनीष अग्रवाल सहित भजन गायको ने श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। मुख्य यजमान सोहनलाल सचदेवा - श्रीमती ईश्वरी देवी सचदेवा, मिल्क राज उर्फ डिम्मी - श्रीमती इंदु बाला, नरेश कुमार - श्रीमती सोनिया, शिवकुमार - श्रीमती एडवोकेट पूजा अरोड़ा, नूपुर, मेघा, अंजलि, कनन, निखिल, यश, भव्य परिवार ने श्री श्याम बाबा के दरबार में विधिवत पूजा अर्चना करके जोत प्रज्वलित कर श्री श्याम संध्या का शुभारंभ किया। सचदेवा परिवार ने श्री श्याम बाबा की आरती करके ड्राई फरूट, माखन मिश्री,



मगज, कड़ी खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। श्री श्याम सखा मंडल के पुजारी शास्त्री पवन कुमार ओझा ने मंत्र उच्चारण के साथ पूजन करवाया। भव्य श्री श्याम संध्या में पुष्प वर्षा इत्र वर्षा करके श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नागपाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश कालवा, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव बलाना, अमित कल्याणा, सुरेंद्र मक्कड़, वरुण गर्ग, देवेंद्र गोलछा, नरेंद्र उर्फ मोनू कालड़ा, एडवोकेट आनंद स्वामी, देवी सिंह यादव, एडवोकेट विवेक सेतिया, खुदरा किराना विक्रेता संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार गाबा, योगेश स्वामी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री श्याम सखा मंडल के संरक्षक अशोक नागपाल, संरक्षक विजय मुदगल उर्फ लड्डू ,अध्यक्ष सोनू बवेजा, प्रभारी अशोक भार्गव, सचिव अंकुर लड़ोइया, सह सचिव अजय कालड़ा, सत्यनारायण तावणिया, नरेश नागपाल, जॉनी नागपाल ने सचदेवा परिवार को श्री श्याम नाम का दुपट्टा पहनाकर सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित कर आभार प्रकट किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**सूरतगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री गंगानगर के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर सूरतगढ़ में किया गया। जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट भावना की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सदस्य के तौर पर नायब तहसीलदार अकिंत गोदारा शामिल हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर शाम 3ः30 बजे तक किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार ने पक्षकारों से समझाईश के प्रयास करके लोक अदालत मे राजीनामा योग्य राजस्व, दीवानी एवं फौजदारी प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में बैंक व वित्तिय संस्थाए आदी शामिल हुई जिनमें से मुख्यतः स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, ग्रामीण मरूधरा बैंक, बीएसएनएल तथा इण्डियन बैंक एवं विद्युत विभाग सूरतगढ एवं बीरमाणा भी मुख्य रूप से शामिल हुए। लोक अदालत के दौरान ऐसे सभी मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें राजीनामा होने की संभावना थी। लोक अदालत के दौरान न्यायालय परिसर में सभी सुविधाए देखने को मिली। इस दौरान न्यायालय परिसर मे काफी संख्या में भीड़ देखने को मिली तथा अधिक से अधिक संख्यां में मामलों के निस्तारण का प्रयास किया गया।

# श्री अमरनाथ यात्रा लंगर सेवा समिति की बैठक आयोजित



**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** श्री अमरनाथ यात्रा लंगर सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक समिति के सदस्य पूनम सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर स्थित समिति के भवन में आयोजित इस बैठक में इस वर्ष अमरनाथ में लगाई जाने वाले लंगर के बारे में मुख्य रूप से चर्चा हुई । लंगर के लिए संस्था के सदस्यों की रशीद काटने के अलावा राजस्थान व मध्य प्रदेश में संस्था से जुड़े दानदाताओं से संपर्क करने के लिए टूर तय किए गए । इसके अलावा लंगर के लिए हलवाई व वेटर करने का भी निर्णय लिया गया । बैठक में मैनेजर सोनू बिश्नोई का मानदेय बढ़ाने सहित होली स्नेह मिलन का आयोजन करने का निर्णय भी लिया गया। आज की बैठक में अध्यक्ष उदाराम बनिया, पवन तावनिया, ओम सोनी, राधेश्याम स्वामी, विष्णुदत्त टॉक, जगदीश चंद्र शर्मा, राकेश बिश्नोई, राजेंद्र उपाध्याय, धनराज स्वामी, सुमित मोट, तेजेंद्र गाबा, रामकुमार ओझाईया, हेमंत डागा, रजत राठी, लालचंद ओझा, बलदेव तनेजा, पुलकित आहूजा, सुमित शेखावत, विजय सिंधी व सोनू बिश्नोई उपस्थित थे।

# महिला नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित किया

जनमार्ग न्यूज



**सूरतगढ़।** महावीर इन्टरनेशनल सूरतगढ़ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सूरतगढ़ में एक सादे समारोह में महिला नर्सिंग स्टाफ को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय प्रभारी डॉ. नीरज सुखीजा ने महिला नर्सिंग स्टाफ की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए महिला दिवस की शुभकामनायें दी। प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मांगी लाल लेघा ने महिला नर्सिंग स्टाफ को महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि लेबर रूम में पूरा नर्सिंग स्टाफ समर्पित भाव से अपनी सेवायें दे रहा है, इनके सहयोग से प्रतिमाह लगभग 250 प्रसव हो रहे हैं। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।संस्था के सम्भागीय अध्यक्ष वीर संजय बैद ने कहा कि चिकित्सालय में महिला नर्सिंग स्टाफ दिन-रात प्रसूताओं की सेवा करने में लगा रहता है तथा शिशु के जन्म लेते ही उसे महावीर इंटरनेशनल द्वारा दी जा रही हाइजेनिक बेबी किट पहनाता है। डॉ. नीरज सुखीजा के नेतृत्व में चिकित्सालय की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। डॉ. मांगी लाल लेघा व पूरे नर्सिंग स्टाफ की सेवाओं के कारण संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ी है। केन्द्र अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा ने महिला नर्सिंग स्टाफ सहित उपस्थित सभी महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी एवं चिकित्सक स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इसी दिन महावीर इंटरनेशनल द्वारा औद्योगिक क्षेत्र तथा मानकसर भाट बस्ती में जरूरतमंद महिलाओं को लगभग 1500 सेनेटरी नैपकिन प्रदान किए गए। महिला सदस्यों द्वारा उन्हें स्वच्छता तथा हाइजीन के बारे में जानकारी दी गई। इन अवसरों पर महावीर इन्टरनेशनल के अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा, सम्भागीय कोषाध्यक्ष वीर रमेश कुमार शर्मा, गवर्निंग काउंसिल सदस्य सत्यनारायण झवर, पूर्णराम कारगवाल, रामपाल रोकणा, अमन रांका, नथूराम कलवासिया,विजय कुमार सावनसुखा, ओम प्रकाश कारगवाल, रणजीत,सचिव राजेश वर्मा, वीरा केन्द्र की अध्यक्ष वीरा अंजना सिंह, रीजन-5 की वूमैन एम्पॉवरमेंट एवं बेबी किट की डिप्टी डायरेक्टर वीरा नीतू बैद, सचिव वीरा नेहा बैद, कुलविन्द्र कौर, संजना वर्मा, रेखा वर्मा आदि उपस्थित थे।

# ढोली समाज ने मृत्यु भोज बंद करने का लिया संकल्प

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** ढोली समाज के युवाओं ने समाज में प्रचलित मृत्यु भोज की परंपरा को बंद करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक के मुख्य अतिथि नगर पालिका के चेयरमैन हरजिंदर सिंह रमाणा थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में हरिहर बुदरक (घड़साना) उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सतपाल सितेका ने की। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि हरजिंदर सिंह रमाणा ने कहा कि मृत्यु भोज जैसी परंपराएं आर्थिक रूप से कमजोर ढोली समाज पर भारी बोझ डालती हैं। उन्होंने बताया कि समाज के अधिकतर परिवार आर्थिक रूप से संपन्न नहीं हैं, जिसके कारण उनके बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं और कई बच्चे गलियों में भीख मांगने को मजबूर होते हैं। ऐसी स्थिति में जब लोग अपने बच्चों की शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं, तो मृत्यु भोज पर भारी खर्च करना समाज के लिए एक बड़ा संकट बन जाता है। विशेष अतिथि हरिहर बुदरका ने अपने संबोधन में कहा कि मृत्यु भोज की परंपरा न केवल आर्थिक भार डालती है, बल्कि समाज में एक अनुचित प्रतिस्पर्धा भी उत्पन्न करती है। कई परिवार इस भोज के लिए कर्ज लेते हैं और फिर वर्षों तक उसे चुकाने में संघर्ष करते हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज इस दकियानूसी परंपरा को समाप्त करे और अपनी ऊर्जा व संसाधन बच्चों की शिक्षा तथा समाज के समग्र विकास में लगाए। बैठक में सतपाल सितेका, भादूराम सतेका, मास्टर साहब राम (शेरवाला), विजय बगड़वा सहित कई समाजसेवी और युवा उपस्थित थे। सभी ने एकमत होकर निर्णय लिया कि भविष्य में मृत्यु भोज की परंपरा को बंद किया जाएगा और लोगों को इसके लिए जागरूक किया जाएगा।

# पदोन्नति से वंचित वरिष्ठ एवं पात्र अभ्यर्थियों को अनारक्षित बिन्दुओं के विरूद्ध पदोन्नत करने की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** प्राचार्य पद की वर्ष 2024-25 की डीपीसी आयोजित करने से पहले वर्ष 2023-24 की डीपीसी का पुनर्विलोकन कर एससी/एसटी वर्गों की मूल वरिष्ठता में पदोन्नति से वंचित वरिष्ठ एवं पात्र अभ्यर्थियों को राज्य सेवा में प्रवेश की वरिष्ठता के आधार पर अनारक्षित बिन्दुओं के विरूद्ध पदोन्नत करने की मांग की गई है। इस संबंध में डॉ. अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी-कर्मचारी एसोसिएशन ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन पदाधिकारियों के अनुसार शिक्षा विभाग की ओर से इस साल 17 जनवरी को वर्ष 2023-24 की उप प्राचार्य से प्राचार्य की डीपीसी सम्पन्न की गई। डीपीसी में अनारक्षित वर्ग की 3746, एससी वर्ग के 680 तथा एसटी वर्ग के 586 सहित कुल 5012 अभ्यर्थियों को पदोन्नत किया गया है। डीपीसी में प्राचार्य संवर्ग में एससी/एसटी वर्ग का प्रर्याप्त प्रतिनिधित्व क्रमशः 16 व 12 प्रतिशत पूर्ण होने के कारण एससी/एसटी वर्ग की मूल वरिष्ठता में वरिष्ठ एवं पात्र अभ्यर्थियों को रिक्त पद होते हुए भी पदोन्नति से वंचित कर सामान्य वर्ग के कनिष्ठ अभ्यर्थियों को पदोन्नत कर दिया गया। इस प्रकार एससी/एसटी वर्ग के सामान्य वर्ग से मूल वरिष्ठता में वरिष्ठ एवं पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध होने के बावजूद भी मूल वरिष्ठता का लाभ नहीं दिया गया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति श्रीगंगानगर के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय साहूवाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को स्टेशनरी देकर व विद्यालय स्टॉफ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अवतारसिंह मल्होत्रा, अध्यक्षता प्रधानाचार्य अल्का ऐरी, विशिष्ठ अतिथि जगीरचन्द फरमा, इन्दूभूषण चावला थे। सम्मानित शिक्षकगण प्रधानाचार्या अल्का ऐरी, उप प्रधानाचार्या श्रीमती निर्मला रानी, श्रीमती मनदीप कौर, श्रीमती संध्या गोस्वामी, श्रीमती संगीता रानी, श्रीमती सुनीता शर्मा, श्रीमती सुमनलता, श्रीमती सुमित्रा वर्मा, श्रीमती मोनिका मैय्यर, श्रीमती नरेश कुमारी, श्रीमती मनदीप कौर व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अनिल कुमार मदान, ओमप्रकाश, कुन्दनलाल, नरेन्द्रपाल सिंह, प्रवीण सारड़ीवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्या अल्का ऐरी ने स. अमरसिंह सरोज विद्यार्थी सहायता समिति श्रीगंगानगर द्वारा विद्यालय की बालिकाओं व शिक्षकों को सम्मानित करने पर धन्यवाद व



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी मानव सृष्टि की अनुपम देन है। किसी भी राष्ट्र की सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण तथा विकास में नारी का योगदान महत्वपूर्ण होता है। समिति अध्यक्ष व मुख्य अतिथि अवतारसिंह मल्होत्रा ने सभी सम्मानित बालिकाओं एवं शिक्षकों को शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए कहा कि नारी शक्ति है, प्रेरणा है, नारी गृहस्थ का केन्द्र बिन्दू तथा परिवार की आधारशिला है। जगीरचन्द फरमा ने कहा कि वर्ष 1918 में 8 मार्च को पहली बार एक सम्मेलन में इस दिन को महिला दिवस के रूप में स्वीकार किया गया। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष और 1980 को महिला विकास वर्ष घोषित किया। महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग तथा विभिन्न राज्यों में राज्य महिला आयोगों की स्थापना की गई।

उप प्रधानाचार्या श्रीमती निर्मला रानी ने महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए महिलाओं की उपलब्धियों तथा उनके द्वारा दिए जा रहे योगदान पर प्रकाश डाला। उप प्रधानाचार्य प्रवीण सारड़ीवाल ने कहा कि स्वास्थ्य ही श्रेष्ठ धन है पहला सुख निरोगी काया, स्वस्थ रहने के लिए नियमित जीवनचर्या अपनाने , योगाभ्यास करने, संतुलित एवं शुद्ध भोजन करने, परिशुद्ध वातावरण में रहने तथा समस्त दुव्यर्सनों से मुक्त रहने से स्वास्थ्य की रक्षा स्वतः हो जाती है। उप प्रधानाचार्य अनिल कुमार मदान ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य, अच्छे संस्कार एवं सुसभ्यता की निशानी है। स्वच्छता से मनुष्य में ताजगी और स्मूर्ति रहती है।

नरेन्द्रपाल सिंह ने मंच संचालन करते हुए कहा कि नारी शक्ति है, सम्मान है, नारी गौरव है, अभिमान है नारी जननी है, संस्कृति की पर्याय है , देवी स्वरूप नारी को शत् शत् प्रणाम है।

# महिलाओं के बिना सभ्य समाज की कल्पना अधूरी : दर्शना

❑ जीवन के हर सुख दुख में शामिल है नारी –तुषा उपाध्याय ❑ महिला दिवस के उपलक्ष में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन ❑ महिला दिवस के उपलक्ष में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**बीझबायला।** महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय महिलाओं द्वारा सरस्वती गर्ल्स पीजी कॉलेज में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार पदमपुर दर्शना इंदलिया, विशिष्ट अतिथि रजनी शर्मा व मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट अन्नपूर्णा खालिया मौजूद रही आयोजक समिति द्वारा पगड़ी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया इस मौके पर तहसीलदार दर्शना इंदलिया ने महिलाओं से आत्मनिर्भर और शिक्षित होने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि महिलाओं की सफलता के लिए अपार संभावनाएं है लेकिन कदम आगे बढ़ाने की जरूरत है हालांकि आधुनिक समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, फिर भी वे कई चुनौतियों और भेदभाव का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति संस्कार और सभ्य समाज की कल्पना महिलाओं के बिना नहीं की जा सकती है महिलाओं के बिना समाज की प्रगति अधूरी है स मौके पर लेफ्टिनेंट अन्नपूर्णा खालिया ने महाभारत और रामायण के प्रसंगों के माध्यम से महिलाओं की भूमिका व अस्तित्व पर व्याख्यान किया उन्होंने कहा कि पुरुष प्रधान समाज में महिला प्रत्येक काम की भागीदार होने के बावजूद खुद को कमज़ोर और पिछड़ा मानती है जबकि भारतीय संस्कृति में देवी की आराधना के बिना कोई काम शुरु नहीं किया जाता है खालिया ने कहा सशक्त भारत का निर्माण सशक्त महिलाओं से ही होगा मानव चिल्ड्रन एकेडमी की प्रिंसिपल रजनी शर्मा ने बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाना, रोजगार के अवसरों तक लेकर जाना हम महिलाओं की जिम्मेदारी है शर्मा ने समाज के बेहतरीन पदों पर बैठी बेटियां ही महिलाओं की प्रेरणा है कार्यक्रम दौरान सन्दीप कौर तरखान ने महिलाओ समपर्ण ओर त्याग की प्रतीक बताया इस मौके पर जसविंद्र कौर, फूलां देवी तनेजा, संदीप कौर तरखान, ने भी विचार रखें मंच संचालन तुषा उपाध्याय ने करते हुए कहा कि नारी ही माँ है बेटी है नारी बहन भी है नारी आपके जीवन के हर सुख दुख में शामिल है नारी इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं व छात्राएं शामिल रही।



## महावीर सैनी एथलीट्स टीम के कोच नियुक्त

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** द्रोणाचार्य अवार्ड कोच महावीर सैनी को भारतीय पहले एथलीट्स टीम का कोच नियुक्त किया । भारतीय पैरा ओलंपिक समिति के तत्वाधान में आयोजित नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें हनुमानगढ़ जिले की खुशबू गिल गोला फैंक, सीकर जिले की शिवानी चौधरी का 400 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में, जयपुर जिले के विक्रम मीणा का 400 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में, भरतपुर के जनक सिंह हर्षाना कॉल लंबी कूद में चयन हुआ है। नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स मैं द्रोणाचार्य अवार्ड महावीर सैनी का भारतीय पैरा एथलेटिक्स टीम के कोच में चयन होने पर सैनी ने बताया हमारी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



## बेटियों को आगे बढ़ने का मौका देने तथा महिलाओं को निर्णय लेने का हक देने से ही आएगी असली समानता

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होप्स एंड ड्रीम्स यूनिवर्सल स्कूल द्वारा रविन्द्र पथ स्थित रिलायंस ज्वेल्स में आयोजित कार्यक्रम में अनेक रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियां हुई, जिसमें युवतियों व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ द्वारा रोचक गेम्स भी खिलाए गए तथा सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रिंसिपल पूजा चड्ढा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। लेकिन अब भी महिलाओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बेटियों को आगे बढ़ने का मौका देने तथा महिलाओं को निर्णय लेने का हक देने से ही समाज में असली समानता आएगी। कार्यक्रम के अंत में सबके लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर युवतियों व महिलाओं सहित होप्स एण्ड ड्रीम्स यूनिवर्सल स्कूल स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# फुट ओवर ब्रिज निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** गांधी नगर विकास मंच, हनुमानगढ़ जंक्शन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सहायक डिविजनल इंजीनियर और स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गांधी नगर से मुख्य बाजार तक निर्माणाधीन रेलवे फुट ओवर ब्रिज को शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंच के संरक्षक गुरदीप सिंह बराड़ ने किया। ज्ञापन में बताया गया कि गांधी नगर के निवासियों के लिए मुख्य बाजार तक जाने के लिए कोई सीधा मार्ग उपलब्ध नहीं है। स्थानीय लोगों ने 10 वर्षों तक संघर्ष करने के बाद नगरपरिषद और रेलवे प्रशासन के सहयोग से फुट ओवर ब्रिज की स्वीकृति प्राप्त की थी। इस परियोजना के लिए नगरपरिषद ने लगभग चार वर्ष पूर्व 3.75 करोड़ रुपये रेलवे के खाते में जमा करवाए थे। इसके बावजूद, अभी तक ब्रिज का कार्य अधूरा पड़ा है। वर्तमान में 70 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और गार्डर पिलर आदि तैयार हैं, लेकिन कार्य लंबे समय से ठप पड़ा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे सैकड़ों बार रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा। निर्माण कार्य के ठेकेदार का कहना है कि उसे भुगतान नहीं मिल रहा है, जिसके कारण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा। इस देरी से गांधी नगर की करीब 30,000 की आबादी को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खासतौर पर वृद्ध, महिलाएं, बीमार व्यक्ति और स्कूल की छात्राएं जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइनों को पार करने को मजबूर हैं।



## पांच सूत्री मांगों को लेकर पशु चिकित्सकों ने दिया सांकेतिक धरना

**हनुमानगढ़।** मंगला बीमा योजना में परियोजना भत्ता जोड़ने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को पशु चिकित्सक संघ राजस्थान के आह्वान पर जिले के पशु चिकित्सकों ने एकदिवसीय सामूहिक अवकाश लिया और जिला मुख्यालय पर सांकेतिक धरना दिया। पशु चिकित्सकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। संघ अध्यक्ष डॉ महावीर सहारण ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर पहले भी कई बार सरकार को ज्ञापन प्रेषित कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई।

# महिलाओं के नैतिक मूल्य समाज को सशक्त और समृद्ध बनाते हैं: बीके मोहिनी

## मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं के योगदान पर संगोष्ठी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में 100 से अधिक लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वरिष्ठ निदेशिका ब्रह्माकुमारी? राजयोगिनी मोहिनी दीदी ने कहा महिलाएं समाज की नींव होती हैं। उनके नैतिक मूल्य समाज को सशक्त एवं समृद्ध बनाते हैं। वे बच्चों को संस्कार, ईमानदारी और सद्भावना की शिक्षा देकर उन्हें आदर्श नागरिक बनाती हैं। महिलाओं की शिक्षा और जागरूकता से समाज में समानता न्याय और नैतिकता को बढ़ावा मिलता है। जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो पूरा समाज उन्नति की ओर अग्रसर होता है। महिलाओं को वाह्य श्रृंगार के साथ-साथ नम्रता, धैर्यताए पवित्रता, साहस, सरलता, हर्षितमुखता, दिव्यता आदि का उन्होंने आंतरिक श्रृंगार करने की सलाह दी।




मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना राव ने भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास की बात कही, जो स्वयं महिलाए परिवार एवं समाज के लिए श्रैष्ठतम होगा। उन्होंने कहा श्रेष्ठ सनातन संस्कारों की पुनर्स्थापना में महिलाओं का योगदान ब्रह्माकुमारीज के साथ अतुलनीय है।

इस अवसर पर अतिथि अनीता अरो?ा ने अपने अमूल्य अनुभव साझा किए। बीके ऊषा ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। उन्होंने महिलाओं के मनोरंजक खेलों का संयोजन भी किया। बीके विजय ने मेडिटेशन का महत्व बताते हुए सभी को परमात्म मिलन का अनुभव करवाया।

## छात्रा को मिली स्कूटी

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** जंक्शन स्थित बेबी हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा नेहा सिद्दीकी पुत्री आरिफ सिद्दीकी को सरकार की ओर से कालीबाई भील योजना के तहत स्कूटी मिलने पर सम्मानित किया गया। बेबी हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक भगवानदास गुप्ता, मीना गुप्ता, प्रधानाचार्य महेंद्र कौशिक, अनुपमा विजय, मोनिका विजय, निशा विरदी, विमला, सुमन, संजू, मोनिका, दीपक व पूनम आदि ने नेहा को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। शिक्षाविद् भगवानदास गुप्ता ने बताया कि नेहा सिद्दीकी ने 12 वीं कक्षा की परीक्षा में 92 फीसद अंक हासिल कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसलिए राज्य सरकार ने नेहा को स्कूटी देकर अभिनंदन किया। इससे स्कूल का नाम रोशन हुआ है। स्कूल में मेधावी बच्चों को समुचित प्रोत्साहन दिया जाता है। उन्होंने कहाकि करीब 54 साल से संचालित स्कूल में अब तक हजारों बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

# कवन सो काज, कठीन जग माही.. जो नहीं होई , तात तुम पाही..

❑ फाल्गुन मेले में हजारों श्रद्धालु नवा रहे हैं शीश ❑ मंदिर प्रांगण की आभा ने किया पूरा सुदामानगर रोशन ❑ सुंदरकांड महापाठ व रात्रि विशाल जागरण हुआ सम्पन्न

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर ,सुदामानगर में चल रहे श्रीश्याम जी सतरंगी फाल्गुन मेले के आज तृतीय दिवस प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की लाइन मंदिर प्रांगण में लग गई। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि इस अवसर पर सैकड़ो श्याम श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के समक्ष नतमस्तक होकर अपनी-अपनी मन्नतें मांगी। मंदिर प्रांगण बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। आये हुए श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में भजन संकीर्तन कर रहे थे । मंदिर प्रांगण में सेवादारों द्वारा पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा की गई । शेरैवाला ने बताया कि मंदिर प्रांगण को बड़े भव्यता से सजाया गया है। जिसकी रोशनी पूरे सुदामानगर को जगमग कर रही है । प्रतिदिन बाबा श्याम का श्रृंगार कोलकाता के फूलों से किया जा रहा है। जो कि अपने आप में अद्धभुत व अनुपम लग रहा है। जो भी श्रृंगार को देख रहा है, वह अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। पूरे दिन भर अलग-अलग स्थान से ध्वजा यात्राएं भी मंदिर प्रांगण में पहुंच रही हैं । श्याम श्रद्धालु रंग गुलाल लगाते हुए नृत्य करते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंच रहे हैं । शेरेवाला ने बताया कि सुदामानगर धाम सिद्ध धाम बन गया है । इसीलिए इस वर्ष मेले में श्रीगंगानगर ही नहीं दूर-दूर से श्रद्धालु बाबा श्याम के समक्ष नारियल चढ़कर अपनी-अपनी मन्नतें बाबा से मांग रहे हैं । रात्रि हुए जागरण में भजन प्रवाहको ने अपने भजनों की ऐसी तान छड़ी की प्रत्येक श्रद्धालु मदमस्त हो गया। उनकी आंखों से इन भावपूर्ण भजनों को सुनकर अश्रुधारा बह उठी। मंदिर प्रांगण बाबा श्याम की जयकारों से गूंज उठा। पकौड़े और चाय की व्यवस्था भी सेवादारों द्वारा की गई। इस विशाल मेले में सेवादार अपनी-अपनी ड्यूटिया संभाले हुए हैं। ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम व व्यवस्थित दर्शन हो सके। शेरेवाला ने बताया कि दोपहर 3ः00 बजे से 6ः30 बजे तक सुंदरकांड महापाठ हुआ । यह सुंदरकांड महापाठ के के शर्मा, रिंकू मंगल, आशिष गर्ग,नरेंद्र अग्रवाल व अन्य श्याम प्रेमीयो द्वारा किया गया । रात्रि संकीर्तन 8ः00 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें शहर के मुख्य भजन प्रवाहको ने अपने भजनों के माध्यम से आए हुए श्रद्धालुओं को निहाल किया । शेरेवाला ने बताया कि आज दोपहर 3ः00 से फूलों की होली व भजन संध्या का विशेष आयोजन किया जाएगा । जिसमें राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियां का प्रस्तुतीकरण भी श्री श्याम कला आर्ट ग्रुप द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर कड़ी खिचड़े का भोग लगाकर भक्तों में वितरित किया जाएगा । रात्रि 8 बजे से हनुमानगढ़ से नेहा शर्मा व अन्य भजन प्रवाहक अपने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाएंगे । शेरेवाला ने बताया कि लगातार चलने वाले इस 6 दिवसीय मेले में प्रतिदिन भोजन प्रसाद की व्यवस्था मंदिर प्रांगण के पास बनी नवनिर्मित राधे की हवेली में किया गया है। जिसकी शहर के सभी प्रबुद्ध जन मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं।





## होली पर्व पर धमाल कार्यकर्म में डफ पार्टी मचा रही धमाल

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** रंग व उमंग के पर्व होली को लेकर रावतसर में भी लोगो में भारी जोश व उत्साह बना हुआ है रावतसर गढ़ के पास होली पर्व पर धमाल कार्यकर्म में डफ पार्टी खूब धमाल मचा रही है भाजपा के वरिष्ट नेता अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने भी स्नेहिल इस कार्य क्रम में भाग लिया और कहा कि सभी त्योहारों का अपना अपना रिवाज बना हुआ हैं जिसको लेकर शहर की लोग इनको अपने प्रयासों से जिंदा रखे हुए है होली महोत्सव के तत्वावधान में से होने वाला होली धमाल, डफ पार्टी रात्रि के समय लोगो का खूब मनोरंजन कर रहे हैं इस कार्य क्रम में लोगों, युवा, बच्चो की भी भीड़ उमड़ रही है डॉ. बंशी धर शर्मा, सुरेंद्र पुरोहित राजेश सोमानी, प्रेम सोमानी, , बंशी धर सेवग,डॉ बृज लाल शर्मा,पवन सोमानी,, नरेंद्र सोमानी, कुंदन लाल जाजू, बाबू लाल, कन्हैया लाल , रामावतार, राठी देवी लाल, सीताराम पारीक, भादर राम गोदारा सहित अन्य काफी लोग मौजूद थे मालाग्होली-टोपीग्सम्मान-प्रतीक सप्रेम भेंट कर स्वागत व अभिनन्दन किया। हजारों की संख्या में होली-रसिक मातृशक्तिग्युवा-शक्ति व बड़े-बुजुर्गो ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठा रहे है।

# भारत न्यूजीलैंड फाइनल मैच में भारत की शानदार विजय पर जश्न मनाया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आज दिनांक 09-03-25 को भारत न्यूजीलैंड फाइनल मैच पुरानी आबादी श्याम नगर में युवा भाजपा नेता सूरज सोनी के नेतृत्व में बड़ी स्क्रीन पर सैकड़ों युवाओं की उपस्थिति में देखा गया।जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शरणपाल सिंह मान जिला महामंत्री श्री प्रदीप देहरड,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील अरोड़ा,सूरतगढ़ पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा,युवा नेता विक्रम सिंह,बलदेव सिंह सहित भारी संख्या में युवा साथी ओर वार्डवासी उपस्थित हुए।इस अवसर जिलाध्यक्ष शरण पाल सिंह जी का स्वागत किया गया ।जिसमें जिलाध्यक्ष ने बताया कि ये कार्यक्रम युवाओं को खेलो की ओर जोड़कर नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक अच्छा प्रयास है।अगर युवाओं के खेलो में रुचि रहेगी तो निश्चित ही युवा नशे से ग्रस्त नहीं होगा।



# होली उत्सव : चंग धमाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली उत्सव के अवसर पर पारंपरिक धमाल चंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुरानी नगर परिषद प्रांगण में 9 से 13 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।इस बार चंग धमाल का आयोजन गोरबंद चंग पार्टी, सुंदरकांड मित्र मंडल एवं श्याम कला मंडल के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम रोजाना रात्रि 8 से 11 बजे तक चलेगा, जिसमें कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम में होली के पारंपरिक धमालों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिनमें रंग झीणों रे..., रूत आई पपीहा तेरे बोलण गी..., भाभी म्हारी है पतासी जैसे प्रसिद्ध धमाल शामिल हैं। ये धमाल लोकसंस्कृति की पहचान हैं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। गोरबंद चंग पार्टी में कई प्रसिद्ध कलाकार शामिल होंगे, जिनमें ओम स्वामी, जगदीश सिराव, आनंद, संजय सैन, चंद्र स्वामी, दिनेश स्वामी, द्वारपाल, बृजलाल, सुंदर बंसल, संजय शर्मा, दीपक धुडिया, दीपक पारीक, संजय पांडिया, अशोक मिड्ढा, मुकेश भार्गव, मोहन शर्मा, कमलेश स्वामी आदि प्रमुख रूप से अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में फट्टा ग्रुप का विशेष सहयोग रहा है। आयोजकों ने हनुमान मंदिर चौतीना कुआ समिति के माध्यम से शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। यह सांस्कृतिक आयोजन न केवल होली के पारंपरिक रंगों को जीवंत बनाएगा, बल्कि लोकगीतों और धमालों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजने का कार्य करेगा।



# बिहाणी दंपती ने साइकिलें एवं नजर के चश्में बांटे

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विधायक प्रतिनिधि शरद बिहाणी एवं श्रीमती रश्मि बिहाणी ने मंगलवार को इंदिरा चौक स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत बालिकाओं में 28 साइकिलों का वितरण किया। इनमें शुगर मिल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं भी शामिल थीं। इस मौके पर विधायक जयदीप बिहाणी की ओर से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की नेत्र जांच के लिए चलाई गई जांच स्कीम के अंतर्गत बालक - बालिकाओं को नजर के चश्में भी वितरित किए गए। श्रीमती रश्मि बिहाणी ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के आरंभ में विधायक प्रतिनिधि शरद बिहाणी, एसडीएमसी सदस्य राजाराम बिश्नोई एवं विनोद गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। बच्चों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रश्मि बिहाणी ने अपने उद्बोधन में बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। इसी तरह मटका चौक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधायक जयदीप बिहाणी की धर्मपत्नी श्रीमती रंजना बिहाणी ने छात्राओं में साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर शरद बिहाणी, श्रीमती रश्मि बिहाणी,एसडीएमसी सदस्य, जिला शिक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे। समारोह में 50 विद्यार्थियों को विधायक की ओर से नजर के चश्मे भी वितरित किए गए।



# टांटिया यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय की उपप्राचार्य डॉ. रेखा सोनी की पुस्तक का विमोचन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** टांटिया यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय में उप प्राचार्य डॉ. रेखा सोनी एवं उनकी छात्रा रही डॉ. किरण गिल की पुस्तक 'सोशल साइकोलॉजी' का विमोचन पिछले दिनों एक कार्यक्रम में किया गया। इस पुस्तक में सामाजिक मनोविज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है। पुस्तक का विमोचन अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता) श्रीमती रीना छींपा, महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक श्रीमती सुमित्रा बिश्नोई, उपायुक्त (एसजीएसटी) श्रीमती नीतू सैन, यूनिवर्सिटी की चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता टांटिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) एम.एम. सक्सेना, अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र गोदारा एवं आर्किटेक्ट अमीषा टांटिया ने किया।



## ट्रेन की चपेट में आने से लेपर्ड की मौत

जनमार्ग न्यूज

**अलवर।** राजगढ़-बांदीकुई के बीच स्थित गोठ गांव में ट्रेन की चपेट में आने से नर लेपर्ड की मौत हो गई। क्षेत्रीय वन अधिकारी राहुल फौजदार ने बताया कि घटना सोमवार की है। गोठ गांव में लेपर्ड के मृत पड़े होने की सूचना मिली थी। सहायक वनपाल दिलीप कुमार ने मौके पर जाकर देखा तो रेलवे लाइन के पास ही लेपर्ड का शव पड़ा था, जिसे रेंज परिसर लाया गया। फौजदार ने बताया कि मृत नर लेपर्ड का शव करीब दो-तीन दिन पुराना लगता है, जिसकी उम्र करीब ढाई साल थी। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. मोहनलाल मीना, सकट के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता व ढिगावड़ा के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार मीना के गठित मेडिकल बोर्ड से लेपर्ड का पोस्टमॉर्टम कराकर राजगढ़ में अंतिम संस्कार किया गया।

## घड़साना में युवक से 6.4 किलो डोडा पोस्त बरामद

- एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज, बाइक जब्त

जनमार्ग न्यूज

**अनूपगढ़।** घड़साना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 6 किलो 418 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। घड़साना एसएचओ महावीर बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। टीम में कांस्टेबल महावीर प्रसाद, बलदेव और सुनील कुमार शामिल थे। गश्त के दौरान पुलिस ने चक 6 डीडी नई मंडी घड़साना निवासी विनोद कुमार (25) को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ के अलावा एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। एसएचओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच रावला पुलिस थाने के एसएचओ नवनीत को सौंपी गई है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल रामकेश और कांस्टेबल सुनील की अहम भूमिका रही।



## नकुल जलंधरा ने स्टेट लेवल एथलेटिक्स में जीता गोल्ड मैडल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** खालसा स्कूल के कक्षा 11वीं के विद्यार्थी नकुल पुत्र राजेश जलंधरा ने अंडर यूथ स्टेट लेवल एथलेटिक्स टूर्नामेंट अजेमर में 110 मीटर हर्डल में गोल्ड मैडल जीतकर स्कूल व अपने गांव फुसेवाला का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खालसा स्कूल के विद्यार्थी नकुल जलंधरा ने अजमेर में आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व करते 110 मीटर हर्डल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद अब नकुल जलधंरा का नैशनल लेवल के लिए चयन हुआ है, जिसका आयोजन पटना में होगा। ज्ञात रहे कि नकुल जलंधरा शुरु से प्रतिभाशाली खिलाड़ी रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने अंडर 14 की 60 मीटर दौड़ में जिला स्तर पर गोल्ड मैडल जीत चुके हैं। नकुल जलंधरा की इस उपलब्धि पर स्कूल के अध्यापकों, परिजनों व ग्रामीणों में खुशी की लहर है।



## जहर खाने की दो घटनाएं, मौत

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** बीकानेर के लूणकरनसर क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के जहर खाने के बाद तबीयत ऐसी बिगड़ी की इलाज के लिए पीबीएम अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। दस दिन तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष में आखिरकार उसकी हार हो गई। युवक ने सोमवार को दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने मर्ग दर्ज कर ली। एक अन्य मामले में सिंचाई के दौरान जहरीला पानी पीने से युवक की मौत हुई है। लूणकरनसर के भादवा में रहने वाले 26 साल के सोहनलाल जाट की तबीयत तीन मार्च को जहर खाने से बिगड़ गई थी। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन हालात बिगड़ते ही गए। आखिरकार उसने दस मार्च को दम तोड़ दिया। उसका शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सोंप दिया गया है। मर्ग दर्ज करके जांच लूणकरनसर थाने के हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार को सौंपी गई है। उधर, जसरासर में खेत में पानी देते समय 17 साल के युवक सुरेश मेघवाल ने जहरीला पानी पी लिया। इसके बाद से उसकी भी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां उसने दम तोड़ दिया। साधासर गांव में नौ मार्चको सुरेश ने जहरीला पानी पी लिया था।



## विवाहिता ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

जनमार्ग न्यूज

**अनूपगढ़।** घड़साना थाना क्षेत्र में 25 साल की विवाहिता ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस में इस्तगासा दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 13 मई 2020 को घडसाना थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। पहले सब सही था। 17 दिसंबर 2024 को वह घर पर अकेली थी, तब उसके ससुर ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। महिला ने इस घटना की जानकारी अपने पति को दी, लेकिन उसके पति ने इस बात को गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद 8 जनवरी 2025 उसका ससुर एक अन्य व्यक्ति के साथ घर आया। वह व्यक्ति घर के बाहर खड़ा रहा और ससुर ने फिर से महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के शोर मचाने पर एक रिश्तेदार मौके पर पहुंचा। इसके बाद ससुर और उसके साथ आया व्यक्ति वहां से फरार हो गए। फिलहाल, घड़साना पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।




## बीड़ी पीते वक्त रजाई में लगी आग


जनमार्ग न्यूज

**चूरू।** चूरू के भालेरी थाना क्षेत्र के गांव मेलूसर में सोमवार रात बीड़ी पीते समय रजाई में आग लगने से 75 वर्षीय सोना देवी गंभीर रूप से झुलस गई। घटना रात करीब 4 बजे की है। सोना देवी अपने पति बुधराम के साथ कमरे में सो रही थीं। इसी दौरान उन्होंने बीड़ी जलाई। बीड़ी की जलती तिल्ली रजाई पर गिर गई, जिससे रजाई में आग लग गई। आग की लपटों और सोना देवी की चीखों को सुनकर उनके पति ने शोर मचाया।

## डॉ. आशु की पुस्तक 'रामजी से राम-राम' का विमोचन 17 को

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कृष्णकुमार 'आशु' की सद्य प्रकाशित पुस्तक 'रामजी से राम-राम' (मेरी अयोध्या यात्रा) का विमोचन 17 मार्च को सायं पांच बजे राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में होगा। बोधि रचनाकार मंच की श्रीगंगानगर इकाई और राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु पंडित तनसुखराम शर्मा का सान्निध्य प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि श्री आत्मवल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमरचंद बोरड़ होंगे। अध्यक्षता श्री गुरुनानक खालसा विधि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य चंद्रभानु त्यागी करेंगे। पुस्तक पर पत्रवाचन आलोचक व कवयित्री सुषमा गुप्ता एवं कवि अरुण उर्मेश करेंगे। पुस्तक में डॉ. आशु के अयोध्या यात्रा से जुड़े संस्मरण बहुत रोचक तरीके से प्रस्तुत किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. आशु की अब तक हिंदी एवं राजस्थानी में बीस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें राज्य एवं केंद्रीय साहित्य अकादेमियों के पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं।



## अनाज की दुकान में नशे का धंधा, दुकानदार गिरफ्तार

- 110 नशीले कैप्सूल और 2540 रुपए जब्त

जनमार्ग न्यूज

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में अनाज की दुकान की आड़ में नशे का कारोबार करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी हरनेक सिंह (45) पतरोडा का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 110 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल और नशे की बिक्री से कमाए 2540 रुपए बरामद किए हैं। हरनेक सिंह ने पशु चिकित्सालय के पास अनाज खरीदने की दुकान खोल रखी थी। इसकी आड़ में वह नशीले कैप्सूल बेचता था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के अनुसार, आरोपी की संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें पहले से मिल रही थीं। पुलिस जांच कर रही है कि आरोपी नशे की खेप कहां से लाता था। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं। इस कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल पदम सिंह, महेंद्र सिंह और रामकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अन्य संभावित तस्करों पर भी नजर रख रही है।



## चारा भरी पिकअप में लगी आग

जनमार्ग न्यूज

**जोधपुर।** जोधपुर में चारा से भरी पिकअप बिजली के तारों से छू गई। इससे निकली चिंगारी से चारा सुलग उठा। मुख्य मार्ग पर पिकअप से आग निकलते ही एक बारगी तो अफरा-तफरी मच गई। आगजनी की घटना जोधपुर शहर के राजीव गांधी नगर थाने से कुछ दूर पाल-चौपासनी बाइपास पर आज सुबह 7-35 की है। चीफ फायर ऑफिसर जलज घसीया ने चौपासनी व बासनी से दमकल रवाना की। तीन दमकलों ने आग पर काबू पाया। बासनी फायर स्टेशन प्रभारी प्रशांतसिंह चौहान ने बताया कि राजीव गांधी नगर थाने के पास एक चारे की गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर चौपासनी और बासनी से एक-एक दमकल के साथ फायरमैन निंबाराम, प्रेम, हेमंत, सुभाष और रामजीत की टीम मौके पर पहुंची। यहां स्थिति को देखते हुए बासनी से एक और दमकल रवाना की गई। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि जोधपुर ग्रामीण के चाखू थानांतर्गत सुभाष नगर निवासी सहीराम पिकअप में चारा भरकर ले जा रहा था। बाइपास पर पिकअप में ऊपर तक भरा चारा बिजली की लाइन से छू गया और उन्हीं से निकली चिंगारी कुछ ही देर में हवा के कारण तेजी से फैल गई।

# किसानों को पूरा पानी दिलाने में नाकाम पर्ची सरकार : मगलानी

- पंजाब में गंग कैनाल की सफाई का काम भी अधूरा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा की पर्ची वाली सरकार श्रीगंगानगर जिले के किसानों को पंजाब से निर्धारित हिस्से के मुताबिक पानी दिलाने में पूरी तरह से नाकाम है। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री द्वारा इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किये जा रहे। जिले में भाजपा के विधायकों ने भी इस तरफ से आंखें बंद कर रखी हैं। उनकी जुबान से किसानों के प्रति अब हमदर्दी के चंद लफ़्ज़ भी नहीं निकलते, जो पहले बड़ा जोर शोर मचाते थे। अब यह विधायक सिर्फ सत्ता सुख भोगने में लगे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष 80 लाख रुपए पंजाब सरकार को अपने क्षेत्र में गंग कैनाल की बर्म कटिंग के लिए दिए थे लेकिन बम कटिंग नहीं हुई। लगभग डेढ़ महीने पहले पंजाब क्षेत्र में बम कटिंग शुरू तो की गई लेकिन आरडी 45 से 86 तक ही की गई। इसके आगे खखां हैड तक हिस्सा छोड़ दिया।नहर की सफाई नहीं होने का असर पानी की मात्रा पर पड़ता है।इससे छिज्जत बढ़ती है। नुकसान श्रीगंगानगर जिले के किसानों का होता है। उन्होंने मांग की है कि बाकी बचे हिस्से में बर्म कटिंग जल्दी करवाई जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने गंग कैनाल में पानी के उतार-चढ़ाव पर भी चिंता व्यक्त की है। इस महीने 1600 क्यूसेक का हिस्सा निर्धारित है लेकिन पानी लगातार कम हो रहा है। आज सुबह भी लगभग 100 क्यूसेक पानी आरडी 45 से कम हो गया। खखां हैड पर 11-12 सौ क्यूसेक पानी ही मिल रहा है, जिससे गंग कैनाल की अनेक नहरें पिट रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में प्रभावशाली किसान नहरी पानी की चोरी कर रहे हैं। पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर गजसिंहपुर में तहसील कार्यालय के सामने किसान 22 दिन से धरना दिए हुए हैं। केसरीसिंहपुर थाना में पानी चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुए लगभग 3 महीने हो गए हैं। सत्ता के दबाव में पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही। इससे पानी चोरी के हौसले बुलंद हैं। दूसरे किसानों की फैसले बर्बाद हो रही हैं?। उनको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि सरकार चना और मूंग की खरीद भी एमएसपी पर करेगी या नहीं। इसे लेकर किसान असमंजस में हैं। जिले के किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा। इन सबके खिलाफ किसान लगातार धरने प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। श्री मगलानी ने कहा कि भाजपा के जो नेता पहले किसने के प्रति हमदर्दी जताकर खूब शोर मचाते थे, वह अब खामोश हैं। उन्हें अब किसानों के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से किसानों के साथ है। उनकी हर समस्या का समाधान करवाने के लिए कांग्रेस पूरी तरह से कृत संकल्प है।



## बाइक और साइकिल में जोरदार टक्कर

- हादसे में युवक की मौत, बुजुर्ग घायल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में पदमपुर थाना क्षेत्र के 5 एन एन के पास बाइक और साइकिल में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साइकिल सवार बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पदमपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक जोगिंद्र सिंह (28) पुत्र बिहारी राम 12 जीजी छोटी का निवासी था, जो बाइक पर सवार था। वहीं, साइकिल सवार बुजुर्ग रणजीत सिंह को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तुरंत 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी पहुंचाया गया। बाद में उनकी स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया। पदमपुर पुलिस थाने के एसएचओ सुरेंद्र राणा ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पत्ता लगाया जा रहा है। हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ था। मृतक की बॉडी राजकीय अस्पताल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाई गई है।



जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692